दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 43 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 01 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# मोदी का राजस्थान से विशेष लगाव, जब भी आते हैं करोड़ों की सौगात देकर जाते हैं , मोदी के विजन के ग्रोथ का इंजन है राजस्थान : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रभावशाली और ओजस्वी भाषण से खुश और प्रभावित हुए पीएम मोदी, सरकार के कामकाज से हुए काफी प्रभावित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अजमेर में कायड़ विश्रामस्थली पर आयोजित शानदार और ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थानी परंपरा से ऐतिहासिक स्वागत किया मुख्यमंत्री शर्मा ने पीएम मोदी को राजस्थानी साफा अपने हाथों से पहनाया साफा पहनने के दौरान पीएम मोदी का चेहरा काफी खुश नजर आये। पीएम मोदी ने जब सामने बड़ी संख्या में सभा में महिलाओं और युवाओं की मौजूदगी देखी तो उनकी आंखों में अलग से चमक जाग उठी, मोदी की इस सभा के लिए विशाल पंडाल तैयार किया गया था जिसमें सभा में आने वाले लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से की गई थी। यह सभा बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से संपादित हुई हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण के दौरान सभा में मौजूद लोग मोदी मोदी के नारे जरूर लगाते रहे। लेकिन सभा के दौरान कभी भी अशांति और शोरगुल का माहौल देखने को नहीं मिला सभा में आए लोग बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण को सुनते किया नजर आए। सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने 2 साल के कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड देखकर पीएम नरेंद्र मोदी काफी खुश और प्रभावित नजर आए। जिसका जिक्र उन्होंने अपने भाषण में भी किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुरू से ही राजस्थान के प्रति विशेष लगाव रहा है और वह जब भी राजस्थान आते हैं यहां करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात देकर जाते हैं उन्होंने कहा कि अब से पहले भी पीएम नरेंद्र मोदी राजस्थान को करीब 180000 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दे चुके हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरोसा और विश्वास दिलाया कि उन्होंने विकसित भारत 2047 का जो विजन और संकल्प लिया हुआ है उसको साकार करने में राजस्थान पूरे देश में अग्रणी रहेगा मुख्यमंत्री शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर इंगित करते हुए कहा कि राजस्थान आपके विजन के ग्रोथ का इंजन साबित होगा।






### पीएम मोदी हमेशा किसानों के हितों को ध्यान में रखकर फैसला लेते हैं और कार्य करते हैं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा गरीब युवा मजदूर किसान और महिला के विकास और कल्याण को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार करते हैं और उनके सफल क्रियान्वयन भी करवाते हैं उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय और फैसले लिए हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत मोदी सरकार 6000 रुपए देकर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है तो इस राशि में प्रदेश में हमारी सरकार ने 3000 रुपए की राशि और जोड़कर प्रदेश के किसानों को 9000 रुपए की आर्थिक सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है । उन्होंने कहा कि बजट में भी हमने किसानों के लिए सबसे ज्यादा पैसा आवंटित किया है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में खेती और कृषक दोनों के विकास और कल्याण के लिए डबल इंजन की सरकार ने कई योजनाएं और कई बड़े फैसले लिए हैं जिसका सीधा फायदा प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। प्रदेश में खेती और कृषक की हालत में क्रांतिकारी बदलाव आया है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कृषक को पूरी तरह से आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है जिसमें कृषक को अब बिजली उत्पादक बनाने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में बड़ी संख्या में किसान सोलर प्रोजेक्ट के माध्यम से अपने खेत और घर पर ही बिजली का उत्पादन करने लगे हैं जिसकी वजह से एक तरफ जहां किसान को दिन में बिजली मिलने लगी है तो दूसरी तरफ जो बिजली उनके पास बच जाती है । उसका विक्रय करके वह अपनी आर्थिक हालात को मजबूत बना रहे हैं उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी ही राजस्थान बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने वाला है और बहुत जल्दी ही हमारी सरकार प्रदेश के सभी जिलों के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने लग जाएगी उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार की उपलब्धि है कि पिछले 2 साल में पानी और बिजली को लेकर प्रदेश में कहीं भी किसी भी तरह का कोई भी प्रदर्शन नहीं हुआ

### प्रदेश के सरपंच संघ और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने वीबी जी रामजी योजना की खूब प्रशंसा की है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र सरकार की ओर से ग्रामीण व्यवस्था और पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लाई गई वीबी जीरामजी योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना के बारे में प्रदेश के सरपंच संघ और ग्रामीण व्यवस्था से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने खूब प्रशंसा की है । उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए हमारी सरकार ने 4000 करोड रुपए बजट आवंटित किया है जिसकी वजह से प्रदेश की ग्राम पंचायत में व्यापक स्तर पर कार्य हो सकेंगे । उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण और पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत और खुशहाल बनाने में वरदान साबित होगी उन्होंने कहा कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन और संपादन के लिए हमारी सरकार कृत संकल्प है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को बिल्कुल सामने रखते हुए हम दूरदर्शी नीति को अपनाते हुए फैसले और योजनाएं तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाएं वर्तमान और भविष्य दोनों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है ताकि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन और संकल्प को हासिल करने में राजस्थान पूरे देश में अग्रणी रहे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में पानी बिजली सड़क पर्यटन वन जंगल चिकित्सा शिक्षा रोजगार उद्योग महिला सुरक्षा कानून व्यवस्था इत्यादि सभी क्षेत्रों में कई बड़े निर्णय और कई बड़े फैसले लिए और इन सभी क्षेत्रों में सबका साथ सबका विकास और सबका सहयोग के आधार पर हम तेजी से कार्य कर रहे हैं जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं ।

### हमारी सरकार ने युवाओं के लिए कई बड़े फैसले और योजनाएं शुरू की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमने युवाओं के हितों की रक्षा करने के लिए और युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कई बड़े निर्णय लिए जिसमें एक तरफ जहां करीब 1 युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई तथा 2 लाख लोगों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाए गए इसके अलावा 130000 सरकारी नौकरी प्रक्रिया में है और अब 125000 युवाओं को सरकारी नौकरी देने का कैलेंडर जारी किया जा रहा है इसके अलावा युवाओं को बिजनेस इत्यादि के लिए सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। युवाओं को स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में प्रदेश का युवा पूरे 5 साल तक हताश रहा सड़कों पर आंदोलन करता रहा एक के बाद एक पेपर लीक होते रहे युवाओं की नौकरी नहीं लगी इसलिए हमने सबसे ज्यादा फोकस युवाओं पर रखा और युवाओं में नया जोश और जज्बा पैदा करने के लिए हमने युवाओं के कल्याण और विकास के लिए नीतियां बनाई कार्यक्रम तैयार किया और पारदर्शक ढंग से हमने पिछले दो साल में सभी सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं की इमानदारी से नौकरी लग रही है ।

# मुझे संतोष है प्रदेश में सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है, कांग्रेस अब आईएनसी नहीं बल्कि एमएमसी पार्टी बन गई : पीएम नरेंद्र मोदी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर में प्रदेश की भजनलाल सरकार के कामकाज की जमकर प्रशंसा की और कांग्रेस पार्टी पर तीखे प्रहार किए, करीब 17000 करोड रुपए के विकास कार्यों की प्रदेश को दी सौगात, 21800 युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा अजमेर से पूरे देश भर में 9 से 14 साल की लड़कियों को मुफ्त सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने की योजना का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी के कई सांसद विधायक और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद रहे*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर में कायड़ विश्रामस्थली पर शनिवार को आयोजित हुए ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रदेश के लोगों को करीब 17000 हजार करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी और 21800 युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किए इसके अलावा इसी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देश भर में 9 से 14 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फ्री में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने की राष्ट्रीय योजना का शुभारंभ किया इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी मौजूद रहे इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में वैक्सीनेशन कैंप में 14 साल की चार लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन की डोज दी गई मोदी ने इन चारों लड़कियों से बातचीत की मोदी ने इन चारों लड़कियों को अपने सामने कुर्सी पर बिठाया और काफी देर तक उनसे शिक्षा, स्वास्थ्य करियर और अन्य विषयों को लेकर उनसे बातचीत की । इस मौके पर आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की भजनलाल सरकार के कामकाज की एक तरफ जहां जमकर प्रशंसा की तो दूसरी तरफ उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर तीखे और जोरदार हमले बोले पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि प्रदेश में सरकार तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक सरकार सरकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक और भ्रष्टाचार को लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बनी रही वही पिछले दो साल में प्रदेश की सरकार ने एक तरफ जहां लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी दी तो दूसरी तरफ कई भर्ती परीक्षाओं का सफल आयोजन करवा के प्रदेश के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में अच्छा कार्य किया ।

### कांग्रेस अब आईएनसी नहीं बल्कि एमएमसी पार्टी बन गई है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में एक के बाद एक स्टेट में कांग्रेस पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ रहा है कांग्रेस पार्टी अपनी हताशा और बौखलाहट का बदला लेने के लिए वह गलत तरीके अपना रही है जिसमें उन्होंनेपिछले दिनों दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे एक बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में गलत हरकत करके पूरे विश्व में भारत के गौरव और सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले आईएनसी हुआ करती थी लेकिन अब यह पार्टी आईएनसी नहीं होकर एमएमसी पार्टी बन गई है जिसका मतलब है मुस्लिम लीग कांग्रेस पार्टी उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुस्लिम लीग देश विरोधी गतिविधियों में शामिल थी और मुस्लिम लीग की वजह से ही भारत माता के दो टुकड़े हुए ठीक उसी तरह से कांग्रेस पार्टी अब मुस्लिम लीग पार्टी बन गई है इजरायल की संसद में मेजर दलपत सिंह के शौर्य की चर्चा,राजस्थान के वीरों ने इजराइल में हाईफा शहर को आजाद करवाने में बड़ी भूमिका निभाई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अजमेर आस्था और शौर्य की भूमि है यहां तीर्थ भी है तो क्रांतिवीरों के पद चिन्ह की गाथा पूरे विश्व में सुनने को मिलती है उन्होंने कहा कि मैं कल ही इसराइल के दौरे से आया और वहां पर मेजर दलपत सिंह के शौर्य की चर्चा खूब सुनने को मिला वहां की संसद में राजस्थान और देश के वीरों की शौर्य गाथा सुनने को मिली जिसकी वजह से उन्हें काफी गर्व महसूस हुआ उन्होंने कहा कि राजस्थान की वीरों ने ही इसराइल के हाईफा शहर शहर को आजाद करवाया था जिसकी चर्चा वहां आज भी होती है उन्होंने कहा कि अजमेर की धरती महाराजा पृथ्वीराज चौहान जैसे महापुरुषों की धरती मानी जाती है जहां तीर्थराज पुष्कर के अपनी अलग महिमा है तो सुरसुरा के तेजाजी महाराज की अपनी अलग गाथा है तो दूसरी तरफ वरुण नायक झूलेलाल जी की यहां कृपा बरसती है तो देवनारायण मंदिर की अपनी महिमा है उन्होंने कहा कि अजमेर आस्था और शौर्य दोनों का जीता जागता प्रतीक है भाजपा सत्ताभाव से नहीं बल्कि संवेदनशीलता भाव से काम करती है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सत्ता भाव से नहींबल्कि संवेदनशीलता भाव से काम करती है राजस्थान में हमारी डबल इंजन के सरकार विरासत और विकास दोनों को महत्व देते हुए काम कर रही है उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में यहां पर सड़क, रेल, हवाई यातायात के क्षेत्र में जबरदस्त कार्य हुआ है जिसकी वजह से यहां कनेक्टिविटी तेजी से बड़ी है जिसका सीधा फायदा किसान और व्यापारी को मिल रहा है एक तरफ जहां किसान अच्छी सड़क और अच्छी कनेक्टिविटी होने की वजह से अपने उत्पाद को जहां मन करे वहां देश में बेच रहा है तो दूसरी तरफ व्यापारी भी अपने कारोबार को अच्छी कनेक्टिविटी की वजह से अच्छी तरह से संपादित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अच्छी कनेक्टिविटी से यहां पर्यटन के क्षेत्र में भी जोरदार सुधार हुआ है और बड़ी संख्या में पहले की तुलना में यहां ज्यादा पर्यटक आए हैं ।




### पीएम नरेंद्र मोदी ने राम सेतु जल परियोजना, यमुना जल परियोजना,सोलर प्रोजेक्ट जैसी कई बड़ी परियोजनाओं को लेकर भजनलाल सरकार की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से किए गए अनेक महत्वपूर्ण कार्यों, अनेक महत्वपूर्ण निर्णय और योजनाओं की जमकर प्रशंसा की पीएम मोदी ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार को इआरसीपी योजना को लेकर कटघरे में खड़ा किया और कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने इस महत्वपूर्ण योजना को सिर्फ घोषणा और फाइल में उलझा कर रखा लेकिन हमारी सरकार ने इस योजना को फाइल से निकलकर धरातल पर लेकर आई और इस योजना पर तेजी से कार्य भी हो रहा है उन्होंने कहा कि इसी तरह से यमुना जल समझौते को लेकर भी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई लेकिन हमारी सरकार इस योजना को भी धरातल पर लेकर आ रही है उन्होंने कहा कि सोलर प्रोजेक्ट योजना राजस्थान के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है इस योजना में केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लिए 78000 रुपए की आर्थिक सहायता सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए दे रही है जिसके माध्यम से पश्चिमी राजस्थान में सूर्य की गर्मी से अपने घर के छत पर ही बिजली घर बना रहे हैं बिजली पैदा कर रहे हैं और उस बिजली का खुद भी उपयोग कर रहे हैं और जो बिजली बच जाती है उसको बिजली के ग्रेड में दे देते हैं जो औरों के काम आती है इस तरह से लोग खुद बिजली का उत्पादन करने लगे हैं उन्होंने कहा कि इस योजना में राजस्थान पूरे देश में तेजी से कार्य कर रहा है जो प्रदेश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान और खेती के कल्याण और विकास के लिए भी हमारी सरकार तेजी से कार्य कर रही है प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में प्रदेश सरकार ने अपने स्तर पर 3000 रुपए की राशि बढ़ाकर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया इसके अलावा किसानों को खाद बिजली कीटनाशक दवाइयां इत्यादि उपलब्ध करवाने के साथ-साथ किसान को लोन भी उपलब्ध करवा रही ।

### देश के लिए जो अच्छा होता है उसका विरोध करती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस की यह पुरानी आदत है जो भी देश के लिए अच्छा होता है उसका वह विरोध करती है उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में जिसमें कई देशों के प्रधानमंत्री कई देशों के राष्ट्रपति कई देशों के बड़े-बड़े उद्योगपति और आईटी क्षेत्र के बड़े-बड़े लोग आए हुए थे उन सब ने भारत की खूब प्रशंसा की लेकिन यह प्रशंसा कांग्रेस पार्टी को पसंद नहीं आई और उन्होंने देश और विदेश से आए मेहमानों के सामने बेतुका प्रदर्शन करके देश के गौरव को नुकसान पहुंचाने का काम किया उन्होंने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर में भारत की मिलिट्री ने शानदार काम किया उस पर भी कांग्रेस पार्टी ने सवाल खड़ी किए थे हमारी मिलिट्री और हमारी फोर्स ने कई बार दुश्मनों को शिकस्त दी लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा हमारी फौज के कामों पर सवाल खड़े करते रहे पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने सैनिकों के लिए कुछ नहीं किया सैनिकों के परिवार के लिए कुछ नहीं किया और सैनिकों को अच्छे हथियार तक उपलब्ध नहीं करवाए कांग्रेस पार्टी की सरकार सिर्फ विदेश से हथियार खरीदने के सौदे में बड़े-बड़े भ्रष्टाचार करती रही लेकिन हमारी सरकार सैनिक और सैनिकों के परिवार के लिए काम करती है और हमारी मिलिट्री एयर फोर्स और नवी को तमाम तरह के अत्यधिक साधन उपलब्ध करवा रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने कभी भी महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में चिंता नहीं कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने कभी भी स्कूलों में बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय और अलग से व्यवस्था करने के बारे में कार्य नहीं किया कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने कभी भी बालिकाओं को नैपकिन उपलब्ध करवाने के बारे में नहीं सोचा क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सरकारी महिलाओं से जुड़े इन विषयों को बहुत मामूली चीज मानती थी इसलिए उन्होंने इनके बारे में कभी सोचा ही नहीं लेकिन हमारी सरकार यह जानती है कि अगर किसी घर में एक महिला बीमार हो जाती है तो वह घर पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो जाता है क्योंकि एक स्वस्थ महिला और मां पूरे परिवार को स्वस्थ रखती है इसलिए हमने अब 9 से 14 साल की लड़कियों को सर्वाइवल कैंसर वैक्सीन उपलब्ध करवाने के लिए यह राष्ट्रीय योजना शुरू की है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक स्कूल में बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय बनाने और बालिकाओं को नैपकिन वितरण के कार्य में गंभीरता से कार्य कर रही है।

# आम आदमी पार्टी की नई कार्यकारिणी का स्वागत एवं होली मिलन समारोह आयोजित

## केजरीवाल के बरी होने पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आम आदमी पार्टी (टीम अलवर) द्वारा शनिवार को राज्यसभा परिसर, अलवर में नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के स्वागत-सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल एवं जिला महासचिव दिव्यन्दु शर्मा ने की। समारोह में बड़ी संख्या में किसान, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव विश्वेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों पर आमजन के अधिकारों की लड़ाई लड़ना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के पश्चात दिल्ली के मुख्यमंत्री Arvind Kejriwal के न्यायालय से बरी होने की खुशी में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगली सर्किल पर आतिशबाजी कर मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर नितेश कुमार, जितेंद्र यादव, भगवान सहाय मीणा, महावीर प्रसाद एडवोकेट, वीरेंद्र वकील, रामकेश मीणा, दीपचंद रेवाड़ी, सतीश कुमार अग्रवाल, देवेंद्र कुमार, जगराम मीणा, रोजगार खान, मनोज चंदरुल, हिमांशु शर्मा, रणजीत स्वामी, मनीष शर्मा, रामहरी मीणा, विनोद कुमार, निखिल मीणा, गौरव जैन, धर्मेंद्र गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टैक्स और जीएसटी पर सेमिनार आज प्रताप ऑडिटोरियम में



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की अलवर शाखा की ओर से कर जागरूकता और व्यवसायिक सशक्तिकरण को लेकर 'टैक्स-संवाद 2.0' विषयक पर एक दिवसीय शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष सीए नितिन गुप्ता, वाइस चेयरमैन विशाल वाधवा और सचिव हितेश सेतिया सहित अन्य पदाधिकारी ने देते हुए बताया कि सेमिनार की थीम ÒEmpower Your BusinessÑ From Ta& Tracking to Ta& TriumphÓ रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा होगे। सेमिनार में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कर विशेषज्ञ सीए एडवोकेट संजय झंवर और सीए एडवोकेट जतिन हरजई वक्ता के रूप में टैक्स ट्रैकिंग, स्मार्ट सक्सेशन प्लानिंग और जीएसटी से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां साझा करेंगे। आईसीएआई अलवर शाखा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, व्यापारियों एवं उद्योग जगत से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मनु मार्ग श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 56 व वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ इस अवसर पर प्रातः 8:00 बजे हवन किया गया 9:00 बजे से विद्वान 11 ब्राह्मणों द्वारा तुलसी अर्चना करवाई गई 11:00 बजे भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी का अभिषेक किया गया पुरुष युक्त वैश्विक सूक्त के साथ भगवान को दूध, दही, घी, शहद, बूरा आदि औषधीय से अभिषेक किया गया तदुपरांत भगवान का मनमोहक श्रृंगार कर बैंड बाजों से भगवान की आरती की गई वह प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को फूल मालाओं से गुब्बारों से सजाया गया वह महिलाओं द्वारा भजन सत्संग का कार्यक्रम भी किया गया।

# पूरे भारत में एकमात्र शेष नानकशाही स्वांग परंपरा पर आधारित सेठ सेठानी का स्वांग निकलेगा आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पहल सेवा संस्थान द्वारा पिछले दो दशक से अलवर शहर में निकाला जाने वाला नानक शाही स्वांग परंपरा पर आधारित सेठ सेठानी का स्वांग आज दिनांक 1 मार्च 2026, रविवार को सुबह 10:00 बजे काशीराम चौराहे से निकाला जाएगा संस्थान सचिव लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि काशीराम चौराहे पर स्थित शिव पार्वती मंदिर में सेठानी द्वारा गौरी पूजन करने के उपरांत यह स्वांग निकाला जाएगा स्वांग को राजस्थान सरकार के वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र गोयल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे यह स्वांग काशीराम चौराहे से प्रारंभ होकर घंटाघर -नगर निगम कार्यालय- होप सर्कस- त्रिपोलिया- जगन्नाथ जी मंदिर- विवेकानंद चौराहा- बस स्टैंड होते हुए शाम 4:00 बजे कंपनी बाग पहुंचेगा जहां पर कलाकारों द्वारा फाग उत्सव कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत अतिथि व स्वयंसेवकों का सम्मान कर स्वांग का समापन किया जाएगा स्वांग मे संयोजक सुनील चौधरी, उपाध्यक्ष मनोज चौहान, कोषाध्यक्ष पहलाद अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहेंगे।

# नेता प्रतिपक्ष की मां का हुआ अंतिम संस्कार, बड़े पुत्र जूली ने दी मुखाग्नि, भावुक हो गया परिवार

## राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपनी मां स्वर्गीय चलती देवी को नम आंखों से कंधा दिया। जूली ने उन्हें मुखाग्नि दी और स्वर्गीय चलती देवी पंचतत्व में विलीन हो गई। अपने सरल व्यवहार के लिए सभी का दिल जीतने वाली स्वर्गीय चलती देवी के अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। जूली और उनका परिवार अपने पैतृक गांव काठूवास से उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। मां की अंतिम विदाई के वक्त जूली की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे, पूरा परिवार भावुक हो गया। उनकी मौत की खबर सुनकर पूरे गांव का माहौल भी गमगीन हो गया। उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष जूली की मां चलती देवी का शुक्रवार देर रात को बाथरूम में पैर फिसलने से वे गिर गई थी। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पूर्व मुख्यमंत्री





गहलोत बोले मां की तपस्या से आज जूली इस मुकाम पर है पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा टीकाराम जूली की मां के निधन पर उनके पैतृक गांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मां की तपस्या से ही जूली आज राजनीति के बड़े शिखर पर है। गहलोत ने कहा कि मां की तपस्या से ही एक छोटे से गांव से जिला पार्षद का चुनाव जीतकर राजस्थान विधान में नेता प्रतिपक्ष की सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। उनके पिता स्वर्गीय लेखराम ठेकेदार एवं उनकी मां ने संघर्षों की भट्टी में तपकर अपने बेटे को इस मुकाम तक पहुंचाया।

### संस्कारों और मूल्यों की साक्षात् प्रतिमूर्ति थी स्वर्गीय चलती देवी

स्वर्गीय चलती देवी का पीहर मूल रूप से हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के दोंगडा अहीर में था। उनके दो पुत्र हैं बड़े बेटे टीकाराम जूली राजस्थान की राजनीति का बड़ा चेहरा है जबकि छोटे बेटे मुकेश जूली उद्योगपति और हरियाणा की राजनीति में सक्रिय हैं। स्वर्गीय चलती देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी और समाज में आसपास उनकी सहजता के चलते गहरी पैठ थी। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपने परिवार को हमेशा संस्कारों और सामाजिक मूल्यों की सीख दी। उन्होंने हमेशा सादगी पूर्ण जीवन जिया और सामाजिक मूल्यों को प्राथमिकता दी। परिवार और समाज के संस्कारों को संजोए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की स्वर्गीय माता चलती देवी के निधन पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सुप्रीमो मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, विधायक रविंद्र भाटी ने संवेदनाएं व्यक्त की। अंतिम संस्कार में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्री संजय शर्मा, पूर्व उपराष्ट्रपति कुलदीप धनकड़, कुलदीप इंदोरा सांसद, रामकेश मीणा, रफीक खान, हाकम अली, आमीन कागजी, डॉ शिखा मील बराला, राजेंद्र पारिक, जोगेंद्र अवाना, वैभव गहलोत, रमेश खंडेलवाल, इमरान खान, संदीप यादव, अजय अग्रवाल, विधायक दीपचंद खैरिया, ललित यादव, मांगेलाल मीणा, रावदान सिंह, शकुंतला रावत, जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, बलराम यादव, सुनील शर्मा, इंद्राज गुर्जर, गोपाल मीणा, मनोज मेघवाल, संजय जाटव, डूंगर राम गेदर, धर्मेंद्र राठौर सहित देश-प्रदेश के बड़े नेता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, विभिन्न दलों के नेता और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री रोजगार मेले का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री रोजगार मेले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान जिलास्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों में चयनित 721 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपें। अजमेर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की, साथ ही, प्रधानमंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगातें देते हुए जनसभा को संबोधित किया। जिसमें 103 करोड रुपए की लागत के राष्ट्रीय राजमार्ग 248-ए शाहपुरा से थानागाजी तक पक्के शोल्डर के साथ 2 लेन के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थित रही। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 721 चयनित कार्मिकों सौंपे नियुक्ति पत्र जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में नव चयनितों को नियुक्ति पत्र





सौपें। कुल 721 नव चयनित कार्मिकों में चिकित्सा विभाग में 364, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग में 142, राजस्व विभाग में 100, पशुपालन विभाग में 58, शिक्षा विभाग में 31 स्वायत्त शासन विभाग में 6, खान एवं भू विज्ञान विभाग में 6 एवं कौशल विभाग में 6 सहित अन्य विभागों में 8 को नियुक्ति पत्र सौपें गए। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षाविद दिनेश शर्मा ने किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, भूमि आवाप्ति अधिकारी जितेंद्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, आईसीडीएस विभाग के उपनिदेशक महेश गुप्ता, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. दिनेश सूद सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने काला कुआं में सेटेलाइट हॉस्पिटल एवं अशोक वाटिका का किया अवलोकन

## जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

## निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में समुचित चिकित्सा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने तथा शहर में अन्य जगह इसी प्रकार के आदर्श पार्क विकसित कराने के दिए निर्देश





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सेटेलाइट हॉस्पिटल काला कुआं में बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का जिले में शुभारंभ कर चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया तथा काला कुआं सेक्टर -1 में नगर निगम द्वारा विकसित की गई अशोक वाटिका का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सेटेलाइट हॉस्पिटल में एचपीवी टीकाकरण अभियान का जिले में शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और किशोरियों के स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य किशोरियों का प्रारंभिक अवस्था में ही टीकाकरण कर उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाना है। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण कर मरीजों को समुचित उपचार उपलब्धता के लिए हर समय सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात जिला कलक्टर ने काला कुआं सेक्टर -1 में नगर निगम द्वारा विकसित की गई अशोक वाटिका का अवलोकन कर पार्क निर्माण कार्य की सरहाना की तथा पार्क में लगाई गई कलाकृतियों को बारीकी से देखा। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शहर में इसी प्रकार के आदर्श पार्क अन्य जगह विकसित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे के गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के भूमि आवाप्ति अधिकारी जितेंद्र सिंह नरूका, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मंजु शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी का अजमेर दौरा : खैरथल-तिजारा में 174 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र



## मुख्यमंत्री बोले– प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच से भारत बन रहा वैश्विक शक्ति

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा/अजमेर(निसं.),** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर स्थित कायड़ विश्राम स्थली में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रदेशवासियों को विकास की सौगात दी। कार्यक्रम का जिला स्तर पर लाइव प्रसारण खैरथल-तिजारा जिला सचिवालय में किया गया, जहां 174 युवक-युवतियों को विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार सत्ता भाव से नहीं बल्कि संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। डबल इंजन सरकार राजस्थान को विरासत और विकास के संतुलन के साथ अवसरों की भूमि बनाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि करीब 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं से सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र को गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। खैरथल-तिजारा में राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, पशुपालन, नगर निकाय, महिला एवं बाल विकास तथा एनएचएम सहित विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री ने प्रदेशभर में नियुक्ति प्राप्त 21 हजार से अधिक युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार युवाशक्ति को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, उज्ज्वला योजना एवं मातृ वंदना योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि नारीशक्ति के स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही आधुनिक कनेक्टिविटी, सिंचाई परियोजनाओं एवं सौर ऊर्जा योजनाओं के माध्यम से राजस्थान में निवेश और विकास की संभावनाएं बढ़ रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक ताकत के रूप में उभर रहा है तथा प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, उपनिदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री कि टीम एवं स्थानीय प्रशासन ने किया एसटीपी साइट का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

## सिविल कार्य अंतिम चरण में, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल कार्य शीघ्र प्रारंभ



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** भिवाड़ी शहर में जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित की जा रही 34 एमएलडी क्षमता की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) परियोजना पर कार्य लगभग 70 से 80' पूर्ण हो चुका है। लगभग 178.77 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही यह महत्वाकांक्षी परियोजना शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना स्थल का शनिवार को एसपी मनीष कुमार, बीड़ा सीईओ अतुल प्रकाश, भिवाड़ी एडीएम सुमित्रा मिश्र, नगर परिषद आयुक्त मुकेश चौधरी एवं केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की समीक्षा कर कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्तमान में सिविल निर्माण कार्य लगभग 70-80' पूर्ण हो चुका है। प्रशासनिक भवन एवं टॉप डैम का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जा रहा है। इसके उपरांत इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल कार्य, जिसमें एमसीबी पैनल, पंप, सेपरेटर तथा एससीएडीए (SCADA) सिस्टम की स्थापना शामिल है, चरणबद्ध रूप से संपादित किए जाएंगे। सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किए जा रहे हैं। निर्माण कार्य के दौरान GRAP (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) के लागू होने से कुछ समय के लिए कार्य प्रभावित हुआ था, किन्तु वर्तमान में कार्य पूर्ण गति से संचालित है। प्रशासन द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि परियोजना को शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ किया जा सके। एसटीपी से निकलने वाले शोधित जल के समुचित उपयोग हेतु व्यवहारिक विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। प्रारंभिक प्रस्तावों की समीक्षा के पश्चात अब शोधित जल को उपयुक्त स्थान पर उपयोग में लाने की व्यवहारिक योजना तैयार की जा रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संसाधनों का प्रभावी पुनर्चक्रण सुनिश्चित हो सके। भिवाड़ी एडीएम सुमित्रा मिश्र ने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य परियोजना को शीघ्र पूर्ण कर संचालन में लाना है, ताकि शहर की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ हो और नागरिकों को राहत मिले। अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं समीक्षा के माध्यम से कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। यह परियोजना न केवल जल भराव की समस्या के समाधान में सहायक होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता सुधार और सतत विकास के लक्ष्यों को भी मजबूती प्रदान करेगी। परियोजना पूर्ण होने के उपरांत भिवाड़ी शहर में स्वच्छ एवं व्यवस्थित सीवरेज प्रबंधन प्रणाली स्थापित होगी, जिससे आमजन को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

## होली के अवसर पर वड़ोदरा -खातीपुरा - वड़ोदरा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा होली के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु वडोदरा- खातीपुरा -वडोदरा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09103, वडोदरा -खातीपुरा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 1,8,15, 22 व 29 मार्च 2026 को(5 ट्रिप) वडोदरा से प्रत्येक रविवार को 21:35 बजे रवाना होकर अगले दिन 14:10 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09104, खातीपुरा -वडोदरा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 2,9,16,23 व 30 मार्च 2026 को (5 ट्रिप) खातीपुरा से प्रत्येक सोमवार को 20:55 बजे रवाना होकर अगले दिन 11:30 बजे वड़ोदरा पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में गोधरा, दाहोद, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़ व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सेकंड एसी, 5 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनामी, 6 द्वितीय शयनयान श्रेणी 4 साधारण श्रेणी, 1 पावरकार व 1 गार्ड डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बें होंगे।

## परीक्षा देने गई आठवीं कक्षा की छात्रा से पानी में नशीली वस्तु पिलाकर किया गैंगरेप, तीन लोगों को हिरासत में लिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के कोटा जिले में कापरेन थाना इलाके में परीक्षा देने गई आठवीं क्लास की छात्रा को पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की खबर मिली है। सामाजिक दुष्कर्म के बाद बालिका अचेत अवस्था में पड़ी हुई मिली और उसके कपड़ों पर खून के धब्बे भी थे इस मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है। पुलिस ने छात्रा के परिजनों के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है । तथा बालिका को उपचार के लिए कोटा के जेके लोन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बालिका के बयान भी ले लिए हैं हालांकि बालिका के स्वास्थ्य में सुधार होने की बात भी कहीं जा रही है। जानकारी के अनुसार पीड़ित बालिका कक्षा आठवीं पढ़ती है जो परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी इस दौरान उसे पानी पिलाने की बात कह कर पानी में नशीली वस्तु मिलकर उसे बेहोश कर दिया गया और फिर सुल्तान की बात कह कर पानी में नशीली वस्तु मिलकर उसे बेहोश कर दिया गया और फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया जिसकी वजह से बालिका बेहोश हो गई गैंगरेप के बाद आरोपी लोग मौके से फरार हो गए। बाद में अचेत अवस्था में मिली बालिका को उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया बालिका ने होश आने के बाद अपने साथ हुए पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी पुलिस को दे दी है पुलिस ने पीड़ित बालिका के परिजनों के आधार पर तीनों नामजद लोगों को हिरासत में ले लिया है ।

## जयपुर के निकट ताला के जंगल में एक किलोमीटर तक भीषण आग लगी, क्षेत्र के गांव में डर का माहौल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर जिले में ताला गांव के जंगल में भीषण आग लगने के समाचार मिले हैं। यह आग काफी विकराल रूप धारण कर चुकी है और यह आगकरीब 1 किलोमीटर क्षेत्र के जंगल में फैल गई है जिसकी वजह से बड़ी संख्या में पेड़ पौधे झाड़ इत्यादि सब कुछ जलकर स्वाह हो गए हैं । इस आग से इलाके के कई गांव में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छाई हुई है क्योंकि हवा चलने के बाद आग की चिंगारी उठकर गांव में कच्चे घर तक भी पहुंच सकती है। जिसकी वजह से काफी नुकसान हो सकता है हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन और दमकल विभाग के कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास भी किये गये लेकिन यह आग करीब 1 किलोमीटर क्षेत्र में फैल गई इसलिए आग बुझाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा, आग बुझाने में ग्रामीणों का भी सहयोग लिया गया खबर लिखे जाने तक आग बुझाने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी थे लोगों का कहना है कि यह आग अब सिर्फ इंद्र भगवान ही बुझा सकते हैं अगर अच्छी बरसात हो जाती है तो फिर यह भीषण आग अपने आप ही बरसात की वजह से शांत हो जाएगी अन्यथा दमकल की गाड़ियों की सहायता से इस विकराल आग पर काबू पाना काफी मुश्किल है। विकराल रूप धारण किए इस आग को बुझाने के लिए कई अन्य विकल्प अपने पर भी विचार किया जा रहा है । फिलहाल यह आगजनी की घटना क्षेत्र के लोगों में चिंता का सबसे बड़ा कारण बनी हुई है इस आग से व्यापक तौर पर पेड़ पौधे जहां जलकर राख हुए हैं तो चार झाड़ियां भी जलकर स्वाह हुई है जंगल में मौजूद जीव जंतु भी इस आग से काफी परेशान हो रहे हैं छोटे-मोटे जीव जंतु हो सकता है अग्नि की भेंट चढ़ गए हो यह आग कैसे और किस तरह से लगी है इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता संभावना जताई जा रही है कि हो सकता है किसी ने बीड़ी सिगरेट जलने के बाद माचिस की जलती हुई तिल्ली को जंगल में फेंक दिया हो जिसकी वजह से यह आग लग गई हो।

## चांदी 20000 और सोना 8500 रुपए महंगा, चांदी 2 लाख 95000 प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।**सोना और चांदी की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर से रोजाना बढ़ोतरी हो रही है जयपुर सराफा बाजार में शनिवार को चांदी में 20000 और सोने में 8500 रुपए की बढ़ोतरी हुई शनिवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 295000 रुपए प्रति किलो में बिकी इसी प्रकार जेवराती सोना 160800 रुपए प्रति 10 ग्राम और शुद्ध सोना 172000 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित रहा । जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में एक तरफ जहां शादियों का सीजन जारी है तो दूसरी तरफ होली और कई अन्य त्योहार भी आने वाले हैं ऐसे में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार हो रही है बढ़ोतरी से लोगों के चेहरों पर मायूसी फिर से नजर आने लगी है क्योंकि शनिवार को चांदी की कीमत एक बार फिर से 3 लाख रुपए के काफी नजदीक पहुंच गई जिसकी वजह से जिनके घरों में शादियां हैं उनके दिल की धड़कन काफी तेज होने लगी है । हालांकि जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि जैसे ही चांदी और सोने की कीमत में वृद्धि होती है कारोबार निश्चित रूप से प्रभावित होता है क्योंकि लोग अपने पूर्व के बजट के आधार पर ही सोने और चांदी की खरीदारी करते हैं इसलिए जब कीमत बढ़ती है तो लोग अपने पूर्व निर्धारित बजट के अनुसार ही आभूषण खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं इसलिए अब जिस तरह से सोने और चांदी की कीमत में फिर से रोजाना बढ़ोतरी हो रही है तो जाहिर तौर पर आभूषणों की कम बिक्री हो रही है जिसकी वजह से व्यापार का प्रभावित होना स्वाभाविक है। जयपुर सराफा व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि सराफा बाजार में ज्यादातर लोग अपनी पुरानी चांदी को बेच कर नए आभूषण खरीदने के लिए ज्यादा आते हैं लोग अपनी पुरानी चांदी के बदले ब्याह शादी के लिए सोने चांदी के नए आभूषण लेना ज्यादा पसंद करते हैं जिसमें उन्हें पुरानी चांदी के बदले अच्छे पैसे मिल जाते हैं और फिर पुरानी चांदी के पैसों में खुद के थोड़े पैसे मिलकर नए आभूषण खरीद रहे हैं जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि पहले की तुलना में चांदी के सिक्के आजकल लोग बहुत कम खरीद रहे हैं क्योंकि पहले होली दिवाली और अन्य त्योहार के समय प्राइवेट कंपनियां और व्यापारी अपने कर्मचारियों को ज्यादातर चांदी के सिक्के गिफ्ट में दिया करते थे लेकिन आजकल चांदी के सिक्के जिनकी कीमत पहले 100 रुपए के आसपास हुआ करती थी आज वही सिक्का 800 रुपए में बिक रहा है ।

# खेत पर कमरे की छत पर सो रहे किसान को घसीट कर ले गया लेपर्ड, मृतक किसान का एक पांव अलग जगह पर पड़ा मिला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के उदयपुर जिले में बड़ी पंचायत में उपली बड़ी गांव में एक खेत के कमरे की छत पर सो रहे किसान पर लेपर्ड ने अचानक हमला बोला। लेपर्ड सोते हुए किसान को करीब 500 मीटर दूर खेत में ले गया इस दौरान लेपर्ड ने किसान के शरीर के कई अंगों को चबा डाला जिसमें मृतक किसान का एक पांव एक अलग जगह पर पड़ा हुआ मिला तो दूर-दूर तक खून के बड़े-बड़े धब्बे भी देखने को मिले इसके अलावा मृतक किसान की बॉडी खेत में पड़ी हुई मिली। बॉडी जगह-जगह से नोची हुई अवस्था में मिली है कुल मिलाकर इस दर्दनाक घटना ने आसपास के इलाके के लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है । क्योंकि लेपर्ड ने जिस अंदाज में और जिस आक्रामक तरीके से मृतक किसान की बॉडी को चबा चबाकर खाया है उसे देखकर क्षेत्र के लोग अपने परिजनों बच्चों और पालतू पशुओं के जीवन को लेकर काफी चिंतित दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अक्सर लेपर्ड का मूवमेंट रहता है और कई बार पालतू पशुओं पर भी हमला बोला है। इसलिए स्थानीय लोगों ने लेपर्ड और अन्य जंगली जानवरों के मूवमेंट को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करने की डिमांड की है। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं लेकिन मृतक किसान पर लेपर्ड के हमले की यह घटना शुक्रवार की रात की है इसलिए किसान की बॉडी को नोचने के बाद लेपर्ड शायद वापस नजदीक स्थित जंगल में चला गया। लेकिन लोगों का कहना है कि लेपर्ड के खून मुंह लग चुका है और वह फिर से आवासीय बस्ती में आ सकता है इसलिए वन विभाग की टीम लेपर्ड को पकड़ने के लिए इलाके में अगस्त दे रही है और कई तरीके अपना कर लेपर्ड को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बड़ी गांव में किसान अपने खेत में बने कमरे की छत पर सो रहा था । शनिवार की सुबह एक अन्य ग्रामीण जब उसके खेत पर पहुंचा तो वहां पर मृतक किसान के कपड़े इधर-उधर पड़े हुए मिले आवाज लगाने पर मृतक किसान की ओर से किसी भी तरह का कोई जवाब नहीं आया तो वह ग्रामीण खेत में इधर-उधर देखने लगा तभी खेत में एक रास्ते पर जगह-जगह खून के बड़े-बड़े धब्बे उसे दिखाई दिए जिनको देखते हुए वह खेत में उस जगह पर पहुंच गया जहां मृतक किसान की जगह-जगह से नोची गई बॉडी पड़ी हुई थी ,इस दौरान रास्ते में एक जगह पर मृतक किसान का पांव भी पड़ा हुआ मिला ग्रामीण ने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी जैसे ही क्षेत्र के लोगों को यह खबर मिली उनके चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई और आसपास के इलाके में आक्रोश और डर का वातावरण बन गया लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों को सूचित किया पुलिस ने तुरंत संबंधित वन विभाग के अधिकारियों को इस पूरी घटना के बारे में बताया इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है मृतक किसान की बॉडी को कब्जे में करके घटनास्थल से आवश्यक सबूत जुटाए जा रहे हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है ।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में लेपर्ड के हमले पिछले कुछ महीनो से जगह-जगह देखने को मिल रहे हैं राजधानी जयपुर में भी कई जगहों पर पिछले कुछ महीनो से लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया यहां तक की जयपुर का सिविल लाइन जिला का जहां मुख्यमंत्री राज्यपाल और राज्य मंत्रिमंडल के मंत्रियों के सरकारी आवास होते हैं वहां भी पिछले दिनों लेपर्ड का मूवमेंट देखने को मिला था जिसमें प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के बंगले पर एक लेपर्ड दिखाई दिया था जिसको रेस्क्यू करके पकड़ा गया था इसके अलावा भी जयपुर में पूर्व सांसद रामचरण बोर के घर के पास भी लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया चांदपोल बाजार ट्रांसपोर्ट नगर दुर्गापुरा पानी पेज कई अन्य जगहों पर भी लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया शुक्रवार को जयपुर के नजदीक जमवारामगढ़ में जमवाय माता मंदिर के पास भी लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया इस तरह से प्रदेश में लेपर्ड जंगल छोड़कर आवासीय बस्तियों में लगातार आ रहे हैं अपनी भूख और प्यास मिटाने के लिए पालतू पशु और इंसानों पर हमला बोल रहे हैं सरकार इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए काफी गंभीर हैं । कई तरह के नवाचार भी किए हैं वन विभाग भी अपनी ओर से पूरी कोशिश करता अपनी ओर से वन्य जीव जंगल में ही रहे इसके लिए वन विभाग तारबंदी इत्यादि के जरिए वन्यजीवों को जंगल में ही रहने की कोशिश में ठोस कदम उठा रहा है। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी लेपर्ड और अन्य वन्य जीव जंगल छोड़कर अपने नजदीक की आवासीय बस्तियों में आ जाते हैं जिसकी वजह से लोग काफी परेशान हैं वन्य जीवों का आवासीय बस्तियों में घुसने का मामला राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में भी विधायकों की ओर से उठाया गया जिसके जवाब में वन मंत्री संजय सिंह ने कहा भी था कि वन्यजीवों के हमले से मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों को पहले की तुलना में मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी भी की जा रही है इसके अलावा वन्यजीवों के मूवमेंट को रोकने के प्रयास भी किया जा रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश भर में लेपर्ड जंगल छोड़कर आवासीय बस्तियों में आ रहे हैं ।

## एसीबी ने सीकर में प्रवर्तन निदेशालय के हेड कांस्टेबल को 13 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से शनिवार को प्रदेश के सीकर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परिवर्तन निदेशालय के हेड कांस्टेबल को 13 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त उत्तम पांडे हैं जिसे परिवादी चार्टर्ड अकाउंटेंट को प्रवर्तन निदेशालय का सीनियर कांस्टेबल बताया था और चार्टर्ड अकाउंटेंट को डरा धमका कर उससे 15 लाख रुपए की रिश्वत की डिमांड की थी। जिसमें आरोपी उत्तम पांडे ने 200000 रुपए की रिश्वत वेरिफिकेशन के दौरान ही परिवादी चार्टर्ड अकाउंटेंट से ले ली थी। परिवादी चार्टर्ड एकाउंटेंट ने उत्तम पांडे के रिश्वत मांगने की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई जिस पर एंटी करप्शन ब्यूरो मुख्यालय ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया। जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद जयपुर से सीकर गई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने इस ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया शनिवार को जैसे ही पहले से तैयार कार्य योजना के अनुसार परिवादी ने आरोपी उत्तम पांडे को रिश्वत के 13 लाख रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ उत्तम पांडे को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि उत्तम पांडे पहले भी इसी तरह से किसी और से रिश्वत ले चुका है क्या इसलिए एसीबी की टीम उत्तम पांडे से बारीकी से पूछताछ कर रही है उसके बैंक अकाउंट भी चेक किया जा रहा है उसके निकट के परिजनों के बैंक अकाउंट भी चेक किया जा रहे है। एसीबी की टीम इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि उत्तम पांडे क्या वास्तव में प्रवर्तन निदेशालय में तैनात है इन सब के बारे में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से जांच पड़ताल खबर लिखे जाने तक जारी थी इस बीच जयपुर स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारियों ने प्रदेश के लोगों से साफ कहा है कि अगर उनके पास कोई किसी भी विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बनकर आए और डरा धमका कर पैसे मांगे तो इसकी शिकायत तुरंत पुलिस स्टेशन या एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज करवानी चाहिए क्योंकि आजकल फर्जी अधिकारी बनकर साइबर क्राइम से जुड़े लोग इस तरह की रिश्वत मांगने की घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं इसलिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय ने लोगों को इस मामले में काफी सावधानी बरतने को कहा है।

## सीवरेज लाइन में भारी मात्रा में 500-500 रुपए के नोट मिले, नोट लूटने की लोगों में मची होड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के बीकानेर शहर में मुक्ता प्रसाद नगर इलाके में सीवरेज लाइन में भारी मात्रा में 500- 500 रुपए के नोट मिलने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। कई लोग सीवरेज लाइन की खुद सफाई करने लगे जिसमें उन्हें भी नोट मिले इस तरह से मौके पर मौजूद लोगों में सीवरेज लाइन में पड़े नोटों को लूटने की होड़ मच गई। बाद में सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने सीवरेज लाइन को बंद करवाया और मामले की जांच शुरू की। नोट असली है या नकली इसके बारे में भी खबर लिखे जाने तक जानकारी नहीं मिल पाई थी लेकिन बड़ी मात्रा में सीवरेज लाइन में 500 के नोट होने की बात कहीं जा रही है। मौके पर मौजूद लोग यह भी कह रहे थे की बाइक सवार दो युवक सीवरेज लाइन से नोट के बंडल का एक कट्टा भी लेकर जाते हुए दिखाई दिए थे। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है जानकारी के अनुसार बीकानेर के मुक्ता प्रसाद नगर थाना इलाके में अंत्योदय नगर में सार्वजनिक पार्क में सीवरेज लाइन की सफाई का कार्य संपादित हो रहा था मजदूर सीवरेज लाइन की सफाई कार्य में जुटे हुए थे तभी उन्हें सफाई के दौरान भारी मात्रा में 500-500 रुपए के नोट पड़े दिखाई दिए। नोट देखकर मजदूर चकित रह गए उन्होंने तुरंत उन नोटों को उठा लिया इस दौरान मजदूर जोर-जोर से नोट मिलने की आवाज लगाने लगे तभी मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्रित हो गए लोगों ने भी सीवरेज लाइन में सफाई का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों को भी नोट मिले इस दौरान सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां बड़ी संख्या में लोग सीवरेज लाइन की सफाई कर रहे थे और लोगों में नोट लूटने की कोड भी मची हुई थी तभी पुलिस ने सीवरेज लाइन के सफाई के कार्य को रुकवाया और मौके पर मौजूद सभी लोगों को वहां से हटवाया बातचीत में लोगों का कहना था की बाइक पर सवार दो युवक सीवरेज लाइन से नोटों का एक कट्टा लेकर जाते हुए भी दिखाई दिए थे पुलिस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है। फिलहाल पुलिस यह पता लग रही है कि सीवरेज लाइन में मिले नोट नकली है या असली लेकिन लोगों का कहना है की नोट असली है अब नोट असली है तो किसने सीवरेज लाइन में इन नोटों को छुपाया है यह भी जांच का विषय बन गया है इस बात की आशंका भी जताई जा रही है कि हो सकता है अपनी काली कमाई को किसी ने सुनियोजित तरीके से कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए सीवरेज लाइन में छुपाने का प्रयास किया हो फिलहाल पुलिस भी इस मामले को लेकर काफी उलझन में है लेकिन इतना जरूर है कि सीवरेज लाइन में जिस तरह से बड़ी संख्या में नोट मिले हैं इस मामले को साधारण नहीं माना जा सकता यह गंभीर मामला है इसलिए पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से देख रही है ।

## देश से बड़ा कोई नहीं, पीएम मोदी के बयान पर अशोक गहलोत की दो टूक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अजमेर में शनिवार को दिए गए भाषण पर सियासत गर्म हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और भाषण को राजनीतिक हताशा करार दिया। गहलोत ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस पर देश को बांटने का आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है बल्कि नैतिक दिवालियापन का प्रतीक भी है। अजमेर में आयोजित सरकारी मंच से दिए गए प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए अशोक गहलोत ने लिखा कि आपका विरोध करना, देश का विरोध करना नहीं है स्वयं को राष्ट्र से बड़ा समझने की भूल न करें। उन्होंने यह भी कहा कि जनता को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री उनके पत्र में उठाए गए जनहित के मुद्दों पर जवाब देंगे लेकिन भाषण का उपयोग संकीर्ण राजनीति के लिए किया गया । अशोक गहलोत ने अपने ट्वीट में राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लागू योजनाओं का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या पूरे देश को राइट टू हेल्थ जैसा अधिकार देने की कोई इच्छा नहीं है उन्होंने गीग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट और शहरी रोजगार गारंटी योजना को क्रांतिकारी फैसला बताते हुए कहा कि इन पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा और विस्तार होना चाहिए था। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आरोप है कि प्रधानमंत्री ने इन मुद्दों पर कोई ठोस संकेत नहीं दिया जबकि राजस्थान मॉडल को देश के सामने उदाहरण के तौर पर रखा जा सकता था। गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को लेकर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने परियोजना का नाम बदल दिया लेकिन जमीनी काम आगे नहीं बढ़ पाया। उनके अनुसार राजस्थान की जनता सच्चाई जानती है यह बयान ऐसे समय में आया है जब जल परियोजनाओं और क्षेत्रीय विकास को लेकर प्रदेश में राजनीतिक



बयान बाजी तेज है युवाओं से जुड़े मुद्दे पर अशोक गहलोत ने कहा कि पेपर लीक पर राजनीति करने के बजाय राजस्थान के उस सख्त कानून की सराहना की जानी चाहिए थी। जिसमें आजीवन कारावास 10 करोड रुपए तक का जुर्माना और दोषियों की संपत्ति जप्त करने जैसे प्रावधान है उन्होंने केंद्र से पूछा कि क्या ऐसा कठोर कानून राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की पहल होगी? उन्होंने भाजपा शासन काल के दौरान ओएमआर शीट घोटाले की जांच का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में इसकी निष्पक्ष जांच करने का साहस नहीं दिखाया जा रहा। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई उस गारंटी का भी जिक्र किया जिसमें कांग्रेस सरकार की योजनाएं बंद न करने का वादा किया गया था अशोक गहलोत का कहना है कि यदि प्रधानमंत्री सचमुच प्रतिबद्ध हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री को बंद की गई योजनाएं दोबारा शुरू करने का निर्देश देना चाहिए था ।उन्होंने डबल इंजन के नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजस्थान में यह नारा अब डबल जीरो साबित हो रहा है उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हल्का में बहस तेज हो गई है, अजमेर की रैली के बाद शुरू हुई यह बयान बाजी आने वाले समय में और तेज हो सकती है एक और प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर ऐतिहासिक और वैचारिक हमले किए तो दूसरी ओर गहलोत ने जवाबी हमला करते हुए जनहित के मुद्दों को केंद्र में रखने की बात कही ।

## नगर निगम के आयुक्त गौरव सैनी ने होली पर शहर में दो और तीन मार्च को अतिरिक्त सफाई कर्मचारी नियुक्त किए, सफाई के पुख्ता प्रबंध करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर नगर निगम कमिश्नर गौरव सैनी ने होली पर्व के मध्य नजर राजधानी जयपुर में सफाई की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो और तीन मार्च को पूरे शहर में अतिरिक्त सफाई कर्मी नियुक्त किए हैं जो दो और तीन मार्च को अपने-अपने क्षेत्र में सुबह 7:00 से लेकर रात 12:00 बजे तक सफाई व्यवस्था को शानदार तरीके से संपादित करेंगे । जानकारी के अनुसार इस दौरान होली जलाने के बाद मौके पर शहर में जगह-जगह राख के ढेर, जली हुई लड़कियां, गंदगी इत्यादि को समुचित तरीके से साफ करने के निर्देश दिए गए हैं पूरे शहर में आम रास्तों चौराहा सर्किल कॉलोनी के अलावा छोटी-छोटी गलियों में भी गंदगी को साफ करने के निर्देश दिए गए हैं नगर निगम आयुक्त गौरव सैनी ने शहर के लोगों से भी पुरजोर अपील की है की होली पर्व के मध्य नजर सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में लोग पूरी मदद करें और बेवजह है कचरा गंदगी इत्यादि ना करें तथा होली खेलने का पर्व भी बिना गंदगी के गुलाल के माध्यम से ही मनाए ताकि शहर की सुंदरता भी बनी रहे और लोगों का स्वास्थ्य भी खराब नहीं हो, जानकारी के अनुसार होली और धूलंडी पर्व के मध्य नजर जयपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है। जयपुर पुलिस ने लोगों से कहा है कि होली और धूलंडी पर्व पर किसी भी तरह का नशा ना करें नशे में गाड़ियां नहीं चलाएं और शांतिपूर्वक तरीके से हंसी-खुशी से होली और धूलंडी का पर्व मनाए पुलिस ने होली और धूलंडी पर ऊपर जानबूझकर उपग्रह मचाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है । होली पर ऊपर जयपुर ट्रेफिक पुलिस की ओर से भी यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है और यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ इस बार जयपुर ट्रेफिक पुलिस कड़ी कार्रवाई कर सकती है इसके अलावा जयपुर के सभी संवेदनशील पुलिस स्टेशन पर होली और धूलंडी के दिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी तैनात रखने के आदेश भी दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार इस बार होली त्यौहार को लेकर प्रदेश के लोगों में ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है अनुमान के मुताबिक होली पर्व पर रंग गुलाल इत्यादि सामग्री के बारे में करीब 80000 करोड रुपए का कारोबार होने की बात कही जा रही है जिसमें राजस्थान में ही करीब 5000 करोड रुपए का कारोबार होने की बात कही जा रही है धूलंडी पर्व के मध्य नजर राजधानी जयपुर के बाजार सजने शुरू हो गए हैं जहां पर दुकानों पर रंग गुलाल पिचकरिया इत्यादि सामग्री सजने लगी है लोग अब धूलंडी पर्व पर खरीदारी करने के लिए घर से बाजार की ओर अपना रुख कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि राजधानी जयपुर में होली और धूलंडी पर्व मनाने के लिए देश और विदेश के पर्यटक भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं खासतौर से विदेशी पर्यटक धूलंडी पर्व पर यहां खूब एंजॉय करते हैं और खुद अपने हाथों से रंग गुलाल लोगों के लगाते हैं डांस करते हैं और लोगों के साथ भोजन करते हैं मस्ती करते हैं राजधानी जयपुर में आमेर फोर्ट पर भी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक धूलंडी पर मनाते हुए हर साल नजर आते हैं यहां पर डीजे की धुन पर विदेशी पर्यटक जमकर लोगों के साथ नृत्य करते हैं ।

## सुमेरपुर विधानसभा को विकास की सौगातें: सड़क, न्यायालय और बांध जीर्णोद्धार के लिए करोड़ों स्वीकृत

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान सरकार ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई सौगातें दी हैं। विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के लिए करोड़ों रुपये के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। सरकार की स्वीकृति के तहत सुमेरपुर क्षेत्र में सिंदरू, तखतगढ़, बाणियावास और हेमावास बांध के जीर्णोद्धार के लिए 8 करोड़ रुपये का प्रस्तावित व्यय निर्धारित किया गया है। वहीं कृषि उपज मंडी समितियों के सुदृढ़ पर्यवेक्षण व प्रभावी नियंत्रण के लिए कृषि विपणन खंडों का पुनर्गठन कर पाली में नवीन खंड कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सुमेरपुर में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट) न्यायालय की स्थापना को मंजूरी मिली है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। सड़क निर्माण के क्षेत्र में भी बड़े निर्णय लिए गए हैं। सिरोवल- भीमाणा-बीजापुर बलवना-जवाई बांध-सुमेरपुर मार्ग के 30 किलोमीटर निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। वहीं तखतगढ़ से पादरली-नारवणा-कवराड़ा-वलदरा-मालगढ़-नोरा भाद्राजून तक 50 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने इन विकास कार्यों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से सुमेरपुर में आधारभूत ढांचे को नई मजबूती मिलेगी और आमजन को सीधा लाभ पहुंचेगा। बजट घोषणा के दौरान करोड़ों की सभी कृति मिलने पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का नगर वासियों ने आभार जताया।



## विद्या भारती स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली पर्व

**जालोर(निस)।** सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती उ.मा.वि. व विद्या भारती इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिवार के साथ होली उत्सव मनाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यालय प्रांगण में सभी छात्र एकत्रित होकर होली के त्योहार को फूलों की होली बनाकर प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करने तथा बदरंग न होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका मधु भाटी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में समय की आवश्यकता को देखते हुए पर्वों के महत्व को ध्यान में रखकर पर्व मनाने चाहिए। उन्होंने होली का त्योहार फूलों से मनाने का संदेश देते हुए पानी की बचत तथा केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने का संदेश दिया। होली पर्व का अवकाश प्रारंभ होने के कारण विद्यालय के सभी स्टाफ ने एक दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्था प्रधान



अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी को आगामी दिनों में होने वाली परीक्षाओं की गंभीरतापूर्वक तैयारी करने तथा समय का सदुपयोग करने के निर्देश दिए।

## सम्पादकीय

# भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत



भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है। अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है। इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए। जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है। दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ, आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा और यहां तक कि कोई खास समुदाय अपने आपको कठघरे में खड़ा या असुरक्षित महसूस करने लगा। सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है



## कहानी

# सकारात्मक सोच

पुराने समय की बात है, एक गांव में दो किसान रहते थे । दोनों ही बहुत गरीब थे, दोनों के पास थोडी थोडी खेती की जमीन थी, दोनों उसमें ही मेहनत से खेती करके अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। कुछ समय पश्चात दोनों की एक ही दिन एक ही समय पर मृत्यु हो गई । यमराज दोनों को एक साथ भगवान के पास ले गए । भगवान ने उन्हें देखा और उनसे पूछा, 'अब तुम्हें क्या चाहिये, तुम्हारे इस जीवन में क्या कमी थी, अब तुम्हें क्या बना कर मैं पुनः संसार में भेजूं । भगवान की बात सुनकर उनमें से एक किसान बडे गुस्से से बोला, हे भगवान ! आपने इस जन्म में मुझे बहुत घटिया जिन्दगी दी थी । आपने कुछ भी नहीं दिया था मुझे । पूरी जिन्दगी मैंने बैल की तरह खेतो में काम किया है, जो कुछ भी कमाया वह बस पेट भरने में लगा दिया, ना ही मैं कभी अच्छे कपडे पहन पाया और ना ही कभी अपने परिवार को अच्छा खाना खिला पाया । जो भी पैसे कमाता था, कोई आकर के मुझसे लेकर चला जाता था और मेरे हाथ में कुछ भी नहीं आया । देखिए मेरा जीवन कैसा जानवरों जैसा था । इस प्रकार उस किसान की नकारात्मक सोच थी । उसकी बात सुनकर भगवान कुछ समय मौन रहे और पुनः उस किसान से पूछा, 'तो अब क्या चाहते हो तुम, इस जन्म में मैं तुम्हें क्या बनाऊं । भगवान का प्रश्न सुनकर वह किसान पुनः बोला, 'भगवन् आप कुछ ऐसा कर दीजिए, कि मुझे कभी किसी को कुछ भी देना ना पडे । मुझे तो केवल चारों ओर से पैसा ही पैसा मिले । अपनी बात कहकर वह किसान चुप हो गया । भगवान ने उसकी बात सुनी और कहा, 'तथास्तु, तुम अब जा सकते हो मैं तुम्हे ऐसा ही जीवन दूंगा जैसा तुमने मुझसे मांगा है । उसके जाने पर भगवान ने पुनः दूसरे किसान से पूछा, 'तुम बताओ तुम्हें क्या बनना है, तुम्हारे जीवन में क्या कमी थी, तुम क्या चाहते हो उस किसान ने भगवान के सामने हाथ जोडते हुए कहा, 'हे भगवन ! आपने मुझे सबकुछ दिया था, मैं आपसे क्या मांगू । आपने मुझे एक अच्छा परिवार दिया, मुझे कुछ जमीन दी जिसपर मेहनत से काम करके मैंने अपने परिवार को एक अच्छा जीवन दिया । खाने के लिए आपने मुझे और मेरे परिवार को भरपेट खाना दिया । मैं और मेरा परिवार कभी भूखे पेट नहीं सोए । बस एक ही कमी थी मेरे जीवन में, जिसका मुझे अपनी पूरी जिन्दगी खेद रहा और आज भी है । मेरे दरवाजे पर कभी कुछ भूखे और प्यासे लोग आते थे, भोजन माँगने के लिए, परन्तु कभी-कभी मैं भोजन न होने के कारण उन्हें खाना नहीं दे पाता था, और वे मेरे द्वार से भूखे ही लौट जाते थे । ऐसा कहकर वह चुप हो गया । भगवान ने उसकी बात सुनकर उससे पूछा, तो अब क्या चाहते हो तुम, इस जन्म में मैं तुम्हें क्या बनाऊं । किसान भगवान से हाथ जोड़ते हुए विनती की, 'हे प्रभु ! आप कुछ ऐसा करें कि मेरे द्वार से कभी कोई भूखा प्यासा ना लौटे । भगवान ने कहा, तथास्तु, तुम जाओ तुम्हारे द्वार से कभी कोई भूखा प्यासा नहीं लौटेगा । अब दोनों का पुनः उसी गांव में एक साथ जन्म हुआ । दोनों बडे हुए । पहला व्यक्ति जिसने भगवान से कहा था, कि उसे चारों तरफ से केवल धन मिले और उसे कभी किसी को कुछ देना ना पडे, वह व्यक्ति उस गांव का सबसे बडा भिखारी बना । अब उसे किसी को कुछ देना नहीं पडता था, और जो कोई भी आता उसकी झोली में पैसे डालकर ही जाता था । और दूसरा व्यक्ति जिसने भगवान से कहा था कि उसे कुछ नहीं चाहिए, केवल इतना हो जाये की उसके द्वार से कभी कोई भूखा प्यासा ना जाये, वह उस गांव का सबसे अमीर आदमी बन गया । बालमित्रो, हर बात के दो पहलू होते हैं सकारात्मक और नकारात्मक, अब ये आपकी सोच पर निर्भर करता है कि आप प्रसंग को नकारत्मक रूप से देखते हैं या सकारात्मक रूप से ।

# विकसित देश का मंत्र है वैज्ञानिक सोच

*पढ़ाई में रटने से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है कि हमारे बच्चे प्रयोगशालाओं में प्रयोग करें और अपनी गलतियों से सीखें। 'करके सीखने' अर्थात लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से छात्रों के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रयोगशाला के अनुभवों में सहायता मिलेगी। हालांकि यह सिर्फ सोचने भर से नहीं होगा। इसके लिए हमें गांवों से लेकर शहरों तक स्कूलों में अच्छी विज्ञान प्रयोगशालाओं का व्यापक जाल बिछाना होगा। इसी सोच से प्रेरित भारत सरकार द्वारा गत वर्ष अक्टूबर तक 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जा चुकी हैं और अगले पांच वर्षों में 50,000 नई अटल टिंकरिंग लैब्स स्कूलों में स्थापित करने की योजना बनाई है। नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत इन लैब्स का उद्देश्य कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता और स्टेम (साइंस-टेक्नोलॉजी-इंजीनियरिंग-मैथ) कौशल को बढ़ावा देना है। यह पहल हर जिले में तकनीक-आधारित नवाचार को बढ़ावा देगी। इस क्रम में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद यानी सीएसआईआर का 'जिज्ञासा' कार्यक्रम स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक चेतना और जिज्ञासा जगाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'करके सीखने' (लर्निंग बाय डूइंग) के माध्यम से छात्रों के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रयोगशाला के अनुभवों से जोड़ने*



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों को याद करने का ही नहीं, बल्कि बच्चों, युवाओं से लेकर आमजन में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का अवसर भी बनना चाहिए। अगर भारत को विकसित देश बनना है, तो उसमें विज्ञान की बड़ी अहम भूमिका होगी। यह भूमिका तभी सार्थक होगी, जब हम वैज्ञानिक शोधों को अपनी कार्यसंस्कृति का हिस्सा बना लें। इसके लिए आवश्यक होगा कि हम बुनियादी स्तर से ही बच्चों को ऐसी जानकारियां देने के उपाय करें, जो उनमें वैज्ञानिक सोच के विकास में सहायक बने। इसके लिए पारंपरिक ज्ञान के साथ ही वैज्ञानिक स्वभाव भी विकसित करना होगा। इसके लिए बच्चों को हर तरह के सवाल पूछने के लिए भी प्रोत्साहित करना होगा। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए उनमें आसपास की चीजों को समझने के प्रति कौतूहल भी पैदा करना होगा।

पढ़ाई में रटने से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है कि हमारे बच्चे प्रयोगशालाओं में प्रयोग करें और अपनी गलतियों से सीखें। 'करके सीखने' अर्थात लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से छात्रों के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रयोगशाला के अनुभवों में सहायता मिलेगी। हालांकि यह सिर्फ सोचने भर से नहीं होगा। इसके लिए हमें गांवों से लेकर शहरों तक स्कूलों में अच्छी विज्ञान प्रयोगशालाओं का व्यापक जाल बिछाना होगा।

इसी सोच से प्रेरित भारत सरकार द्वारा गत वर्ष अक्टूबर तक 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जा चुकी हैं और अगले पांच वर्षों में 50,000 नई अटल टिंकरिंग लैब्स स्कूलों में स्थापित करने की योजना बनाई है।

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत इन लैब्स का उद्देश्य कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता और स्टेम (साइंस-टेक्नोलॉजी-इंजीनियरिंग-मैथ) कौशल को बढ़ावा देना है। यह पहल हर जिले में तकनीक-आधारित नवाचार को बढ़ावा देगी। इस क्रम में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद यानी सीएसआईआर का 'जिज्ञासा' कार्यक्रम स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक चेतना और जिज्ञासा जगाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'करके सीखने' (लर्निंग बाय डूइंग) के माध्यम से छात्रों के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रयोगशाला के अनुभवों से जोड़ने में सहायक हो रहा है। इसरो का युविका (युवा विज्ञानी कार्यक्रम) स्कूली बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष तकनीक के प्रति गहरी समझ और रुचि विकसित करने के लिए एक शानदार पहल है। इसे 'कैच देम यंग' यानी छोटी अवस्था में ही स्कूली छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के प्रति रुचि जगाकर उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से आकार दिया गया है।

दो सप्ताह के इस आवासीय कार्यक्रम में छात्रों को प्रख्यात विज्ञानियों से मिलने, प्रयोगशालाओं का दौरा करने और व्यावहारिक प्रयोग (मॉडल राकेट्री) करने का अवसर भी मिलता है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस भी बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक दुनिया की समस्याओं को वैज्ञानिक पद्धति से सुलझाने के लिए प्रेरित करता है।

एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी भी बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन गई है। यह प्रदर्शनी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवा मस्तिष्कों में नवाचार और रचनात्मकता का संचार करने वाला एक उत्सव है। राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विजन के अनुरूप बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है।

इसी प्रकार स्पायर अवॉर्ड मानक प्रतियोगिता भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो स्कूली बच्चों में न केवल विज्ञान के प्रति रुचि पैदा कर रही है, बल्कि उनमें एक गहरा वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित कर रही है। यह योजना बच्चों को अपने आसपास की समस्याओं को पहचानने और उनके लिए मौलिक समाधान सोचने के लिए प्रेरित करती है। ये सब प्रयास तब और रंग लाएंगे, जब देश का उद्योग जगत अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप वैज्ञानिक अध्ययन संस्थानों से गठजोड़ करके अनुसंधान का सिलसिला शुरू कर उसे गति प्रदान करे। अगर शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में यह साझेदारी विकसित हो जाती है तो भारत को जल्द विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

भारत के कुछ गिने-चुने ऐसे संस्थान हैं, जिन्होंने अपनी प्रगति और कामयाबी से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसरो इनमें सबसे आगे है, लेकिन भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए इकलौते इसरो या आईआईटी से ही काम नहीं चलने वाला।

# विवादों के केंद्र में शंकराचार्य

*दुर्भाग्य से आधुनिक काल के शंकराचार्य अपने कार्य व्यवहार से निराश करते हैं। वे प्रेरित नहीं करते। उत्साह और उल्लास नहीं देते। वे व्यापक हिंदू समाज को कोई ठोस एवं प्रभावी दिशा नहीं देते। इन दिनों स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रशासन और शासन से विवाद के कारण लगातार चर्चा में हैं। इस विवाद की शुरुआत प्रयागराज में माघ मेले में स्थानीय प्रशासन के बीच टकराव से हुई थी। मौनी अमावस्या पर्व पर स्वामी जी पारंपरिक पालकी से स्नान के लिए निकले। प्रशासन ने उनका ध्यान भीड़ प्रबंधन की ओर आकर्षित किया और उनसे पैदल चलने का अनुरोध किया। इसके बाद उनके अनुयायियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। आचार्य के अनुयायियों के अनुसार शिष्यों के साथ दुर्व्यवहार हुआ। स्वामी जी ने इसे शंकराचार्य का अपमान बताया और बिना स्नान किए लौट आए। प्रशासन ने स्वामी जी को*

शंकराचार्य भारत की अनोखी त्याग परंपरा का विस्तार हैं। आदि शंकराचार्य ने विश्व दर्शन को अद्वैत दर्शन से समृद्ध किया। अल्प आयु में ही उन्होंने 11 प्रमुख उपनिषदों, गीता और ब्रह्मसूत्र का भाष्य किया। सांस्कृतिक एकता के लिए पूरे देश का भ्रमण किया। बौद्ध एवं अन्य विद्वानों से उनका शास्त्रार्थ हुआ। उन्हें सभी स्थानों पर विजय मिली।

शंकराचार्य के भ्रमण को उस समय दिग्विजय कहा गया। उन्होंने सांस्कृतिक विचारधारा को प्रवाहमान बनाने के लिए चार मठों की स्थापना की। कर्नाटक में श्रृंगेरी, उत्तराखंड में जोशीमठ, ओडिशा में पुरी और गुजरात में द्वारका। उनके चार विद्वान शिष्यों ने मठों का नेतृत्व किया। उन्होंने चारों वेदों को प्रतिष्ठा दी। सभी मठों को एक वेद से जोड़ा-श्रृंगेरी पीठ, कर्नाटक-यजुर्वेद, द्वारका पीठ, गुजरात-सामवेद, पुरी पीठ, ओडिशा-ऋग्वेद, ज्योतिर्मठ, उत्तराखंड-अथर्ववेद। वे द्रष्टा थे। अद्वैत वेदांत उनका दर्शन था। डॉ. एस. राधाकृष्णन ने उन्हें असाधारण प्रतिभाशाली व्यक्ति बताया था।

दुर्भाग्य से आधुनिक काल के शंकराचार्य अपने कार्य व्यवहार से निराश करते हैं। वे प्रेरित नहीं करते। उत्साह और उल्लास नहीं देते। वे व्यापक हिंदू समाज को कोई ठोस एवं प्रभावी दिशा नहीं देते। इन दिनों स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रशासन और शासन से विवाद के कारण लगातार चर्चा में हैं। इस विवाद की शुरुआत प्रयागराज में माघ मेले में स्थानीय प्रशासन के बीच टकराव से हुई थी। मौनी अमावस्या पर्व पर स्वामी जी पारंपरिक पालकी से स्नान के लिए निकले।

प्रशासन ने उनका ध्यान भीड़ प्रबंधन की ओर आकर्षित किया और उनसे पैदल चलने का अनुरोध किया। इसके बाद उनके अनुयायियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। आचार्य के अनुयायियों के अनुसार शिष्यों के साथ दुर्व्यवहार हुआ। स्वामी जी ने इसे शंकराचार्य का अपमान बताया और बिना स्नान किए लौट आए। प्रशासन ने स्वामी जी को लिखित




चेतावनी दी। नोटिस में उन पर सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन आदेश का उल्लेख करते हुए पूछा गया कि वे अपने शिविर के बाहर बोर्ड पर शंकराचार्य शब्द का प्रयोग कैसे कर रहे हैं?

पता नहीं इस विवाद का पटाक्षेप कैसे और कब होगा, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि हम भारत के लोग साधु-संतों को सम्मान से देखते हैं। गीता में संन्यासी की परिभाषा है, 'जो इच्छारहित है, सभी द्वंद्वों से मुक्त है, वही संन्यासी है।' आदि शंकराचार्य ऐसे ही दार्शनिक संन्यासी थे। साधना की सिद्धि प्राप्त संत हैं। महतत्व के बोध वाला महंत है, लेकिन आज के शंकराचार्य संभवतः ऐसा नहीं मानते। वे स्वयं के सम्मान के लिए झगड़ा करते हैं। कोर्ट-कचहरी में पदों की लड़ाई लड़ते हैं। ऐसा पहले से भी होता आ रहा है। मठों-पीठों की संपदा को लेकर भी झगड़े होते रहे हैं और वे अंग्रेजी राज में ही प्रिवि काउंसिल तक जा चुके थे। पीवी काणे ने 'धर्मशास्त्र का इतिहास' में लिखा है कि मठों में अधिकार क्षेत्र आदि को लेकर झगड़े होते रहे हैं। प्रथम शंकराचार्य ने मठों के संचालन के लिए 'मठाम्नाय महानुशासन' की नियमावली बनाई थी। मठाम्नाय का अर्थ है महानुशासन। शंकराचार्य दर्शन और अध्यात्म के परम विद्वान थे। उन्होंने काम करते हुए अनुभव कर लिया था कि सांसारिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में संलग्न व्यक्ति धर्म प्रचार का कार्य नहीं कर सकेगा। इसलिए उन्होंने संसार त्यागी सुयोग्य ब्रह्म पारायण संन्यासियों को धर्म प्रचार का कार्य सौंपा और सबके लिए अनुशासन पालन का नियम बनाया। शंकराचार्यों को उससे शासित होना चाहिए। आश्चर्य है कि हमारे शंकराचार्य कुंभ या अन्य अवसरों पर पहले स्नान के लिए झगड़ते हैं। राजनीतिक मामलों में वक्तव्य देते हैं। धार्मिक मामलों को राजनीतिक रंग देते हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय उत्सव था

# आगे आए उद्योग जगत

बजट के बाद 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह जो कहा कि भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए, उस पर उन्हें सकारात्मकता के साथ अपनी सक्रियता का परिचय देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया। कायदे से तो ऐसे किसी आग्रह की आवश्यकता ही नहीं पड़नी चाहिए। उद्योग जगत को स्वतः सक्रिय हो जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं, जब प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को नवाचार के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित करने को कहा हो। वे इसके साथ ही



यह भी कहते रहे हैं कि उद्योग जगत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम बनना चाहिए और शोध एवं विकास में निवेश करना चाहिए। विडंबना यह है कि हमारे ऐसे बड़े कारोबारी भी यह काम नहीं कर रहे हैं, जिनके पास पूंजी की कोई कमी नहीं। वे नवाचार के नाम पर ऐसे नए काम अधिक हाथ में लेते हैं, जिनसे कम समय में आसानी से धन अर्जित किया जा सके। यही कारण है कि वे ऐसे कोई उत्पाद तैयार नहीं कर पा रहे हैं, जिनकी देश के साथ दुनिया में भी मांग हो। यह सामान्य बात नहीं कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बाद भी चंद भारतीय उत्पाद ही ऐसे हैं, जिनकी विश्व में थोड़ी-बहुत पहचान और प्रतिष्ठा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि भारतीय उद्योग जगत शोध एवं विकास में पैसा खर्च न कर पाने के कारण न तो चीनी उत्पादों का मुकाबला कर पा रहे हैं और न ही अपने उत्पाद विश्व बाजार में आसानी से खपा पा रहे हैं। जहां चीन में उद्योग जगत आर्थिक विकास का नेतृत्व करते दिखता है, वहीं भारत में कारोबारी सरकार के प्रोत्साहन पर भी तत्परता नहीं दिखाते। एक-दो कारोबारी समूहों को छोड़ दिया जाए तो आम तौर पर हमारे कारोबारी वैश्विक स्तर की उत्पादकता हासिल करने के लिए सक्रिय नहीं। वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता भी विश्वस्तरीय बनाने के लिए उत्साही नहीं हैं। एक ऐसे समय जब सरकार एक के बाद एक देशों से मुक्त व्यापार समझौते कर रही हैं और इसके चलते शीघ्र ही कई विकसित देशों के बाजार भी भारतीय उद्योग जगत की पहुंच में होंगे, तब तो उन्हें इन समझौतों का पूरा लाभ उठाने के लिए कमर कसनी ही चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि सरकार प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्न कर रही है।

# कार्यालय पंचायत समिति तारानगर

## आम जनता से अपील

- सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।
- अपनी पंचायत, गांव, मोहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाएं रखें।
- साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कचरा निर्धारित स्थान पर डालें।
- खुले में शौच नहीं करें, शौचालय का निर्माण करवायें।
- पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।
- सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। प्रदुषण मुक्त यातायात साधनों का उपयोग करें।
- जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- शिक्षा से वंचित सभी बालक-बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन करवायें एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा दें।
- बाल विवाह सामाजिक अपराध है इसे राकें । परिवार नियोजन अपनायें ।

## सभी क्षेत्रवासियों को रंगो के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं



*जल अनमोल है इसका संरक्षण करें। अधिकाधिक पौधारोपण करें ।।*




*प्लास्टीक का प्रयोग ना करें*

**अशोक कुमार विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति तारानगर**

# कार्यालय नगर पालिका, तारानगर चूरु

## सार्वजनिक अपील

*जैसा की आपको विदित है कि अपना शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भाग ले रहा है, शहर में सूखे एवं गीले कचरे का अलग-अलग प्रथक्करण किया जा रहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु नागरिक प्रतिक्रिया दर्ज किया जाना है। जिसमें 300 मार्क्स नागरिक प्रतिक्रिया के सुनिश्चित हैं। अतः शहर के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में नागरिक प्रतिक्रिया दें, जिससे नवलगढ़ शहर पूर्व की भांती स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सके ।*

**शहरी सेवा शिविर : 2026 अभियान में पात्र व्यक्ति आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठावें, अभियान को सफल बनायें।**



सुखा व गीला कचरा अलग-अलग कचरा पात्र में डालें।




प्लास्टिक सिंगल यूज कैरी बैग का उपयोग ना करें।



कपड़े, जूट एवं कागज के बैग का उपयोग करें।



कचरा निर्धारित कचरा पात्र में ही डालें।



अपने पालतू मवेशियों को खुला में ना छोड़े।

## सभी क्षेत्रवासियों को रंगो के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं

**अजय प्रताप सिँह**
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तारानगर

## आम जनता से अपील

- ✦ सभी शहरवासी अपने घर से निकलने वाले कचरे को गीला एवं सुखा अलग- अलग पात्र में संग्रहण कर नगर पालीका के कचरा संग्रहण वाहन में डालें।
- ✦ सभी व्यवसायीक प्रतिष्ठान अपने प्रतिष्ठान में कचरा पात्र रखे
- ✦ आप न ही स्वयं प्लास्टिक का उपयोग करे एवं यदि कोई अन्य व्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग करता है तो उससे भी समझाइश करे
- ✦ कोई भी खुले में शौच या पैशाब ना करे नगर पालिका द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय सामुदायिक शौचालय एवं मुत्रालय का उपयोग करे
- ✦ गुटखा खाकर सार्वजनिक स्थान पर ना थुके।
- ✦ किसी भी तरह के कचरे को ना जलाये । अपने आस पास कचरा पाये जाने पर नगर पालिका में सूचित करे।
- ✦ हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान से जुड़े एवं इसको सफल बनायें।
- ✦ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- ✦ जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- ✦ स्ट्रीट लाईट से संबंधित शिकायतें रजिस्टर में दर्ज करवाएं।
- ✦ पर्यावरण संरक्षण, जल सरंक्षण व वृक्ष सरंक्षण के क्षेत्र में कार्य करे।
- ✦ सार्वजनिक संपतियों को पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिंग लगाकर बदरंग न करें।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड तारानगर (चूरू)



## जल बिन सब सून

**जल ही जीवन है जल के बिना जीवन सुरक्षित नहीं है इस बाबत महान कवि रहिम जी ने भी अपने निम्नांकित दोहे के मार्फत जीवन पर जल की उपयोगिता का चित्रण किया है।**

**रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।**
**पानी बिना ना उबरे, मोती मानस चून ॥**

| क्र.सं. | दैनिक क्रिया का नाम | खर्च पानी की मात्रा लीटर में | जल उपयोग करने के तरीके | पानी बचत की मात्रा लीटर में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नान करने में | फव्वारे से 180 लीटर | बाल्टी से 18 लीटर | 162 लीटर |
| 2. | शौचालय जाने में | फ्लस टैंक से 13 लीटर | छोटी बाल्टी से 4 लीटर | 9 लीटर |
| 3. | शेव करने में | नल खोलकर करने से 11 लीटर | मग से पानी लेकर 1 लीटर | 10 लीटर |
| 4. | दंत मंजन | नल खोलकर करने में 33 लीटर | मग या छोटे लोटे से पानी लेकर 1 लीटर | 32 लीटर |
| 5. | कपडे की धुलाई | नल खोलकर करने में 166 लीटर | बाल्टी के उपयोग से 18 लीटर | 148 लीटर |
| 6. | एक लॉन / कोर्ट यार्ड में 10,000 से 12,000 लीटर उपयोग किये जल से एक छोटे परिवार हेतु एक माह का जल उपलब्ध हो सकता है। | | | |
| 7. | प्रति सैकण्ड नल से टपकती जल बूंद से एक दिन में 17 लीटर जल का अपव्यय होता है। | | | |
| 8. | इसके अलावा उपभोक्ता अपनी सर्विस लाईनों की मरम्मत कर पानी के रिसाव को रोककर भी सहयोग प्रदान कर सकते हैं। | | | |
| 9. | जलदाय विभाग की पाईप लाईनों में यदि कहीं लीकेज हो तो उसकी सूचना भी विभाग को समय पर देकर सहयोग कर सकते हैं। | | | |

**बचे हर बूंद, पले जीवन, हमने किये हैं वो सारे जतन ? अब आगे आये एक-एक जन, जल संचय में लगा दे तन मन**

बदलती जीवनशैली और बदलते शहरीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। भू-जल अतिदोहन के कारण पानी की कमी निरन्तर बढ़ रही है। अतः जीवन को सुरक्षित रखना है तो वर्षा एवं भूमिगत जल को संरक्षित रखना होगा। पानी के दुरुपयोग को रोकना होगा वरना जीवन खतरे में पड़ जायेगा। आओ हम दैनिक कार्यों में जल उपयोग के निम्नांकित तरीकों को अपनाकर जल की बचत करें। जल की बचत कर आने वाली पीढ़ी के जीवन को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं

**तालाब, बावड़ी, नदिया, नहरें सब सूख गई... अब समय आ गया हैहम अपनी आँखें खोलें... आपको मालूम होना चाहिए कि-**

**आप जल आपातकाल के दौर में हैं और पानी की बचत आपका सामाजिक दायित्व है। सभी जगह पानी के स्रोत सीमित है।**

**पेयजल अनमोल हैं, व्यर्थ न बहे, बूंद-बूंद संग्रहणीय हैं**

## जल संरक्षण.... हमारी संस्कृति भी, हमारा भविष्य भी जल बिन सब सून

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन

**राजेश जांगिड़**
**अधिशाषी अभियंता**

# कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तारानगर (चूरू)

## आम जनता से अपील

### मानसून में होने वाली बीमारियों के लक्षण

डेंगू एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। प्रभावित व्यक्ति को तेज बुखार, चकत्ते, सिरदर्द और जोड़ों में दर्द का अनुभव हो सकता है। यदि इलाज न किया जाए तो डेंगू के कारण आंतरिक रक्तस्राव हो सकता है और मृत्यु भी हो सकती है।

मलेरिया एक परजीवी रोग है, जो संक्रमित एनोफिलिस मच्छर के काटने से फैलता है। प्रभावित व्यक्ति को ठंड लगना, थकान, मतली, दस्त और पेट दर्द के साथ तेज बुखार का अनुभव हो सकता है।

टाइफाइड एक जीवाणु संक्रमण है जो साल्मोनेला टाइफी के कारण होता है। टाइफाइड आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के कारण होता है। प्रभावित व्यक्ति को उच्च तापमान, सिरदर्द, थकान, कब्ज और उल्टी का अनुभव हो सकता है।

गुलाबी आँख के रूप में भी जाना जाने वाला नेत्रश्लेष्मलाशोथ वायरस या बैक्टीरिया के कारण हो सकता है। मानसून के दौरान हवा में नमी बढ़ने से कंजक्टिवाइटिस का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रभावित व्यक्ति को आंखों में लालिमा, सूजन, खुजली, दर्द और स्राव का अनुभव हो सकता है।

हालांकि डायरिया साल के किसी भी समय हो सकता है, लेकिन मानसून के दौरान खराब स्वच्छता और दूषित पानी से इसका खतरा बढ़ जाता है। व्यक्ति को पतला पानी जैसा मल, पेट में ऐंठन, मल में बलगम और मतली का अनुभव हो सकता है।

चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है जो चिकनगुनिया वायरस से संक्रमित मच्छर के काटने से फैलती है। प्रभावित व्यक्ति को बुखार, जोड़ों में दर्द और सूजन, सिरदर्द और दाने का अनुभव हो सकता है।

इन्फ्लूएंजा (बुखार) जिसे फ्लू भी कहा जाता है, एक वायरल बीमारी है 7 जो श्वसन प्रणाली पर हमला करती है और इसके परिणामस्वरूप गंभीर सक्रमण हो सकता है। प्रभावित व्यक्ति को ठंड लगने के साथ बुखार, नाक बहना, मांसपेशियों में दर्द, सूखी खांसी और गले में खराश का अनुभव हो सकता है। यदि इलाज न किया जाए तो इसके परिणामस्वरूप सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और दौरे पड़ सकते हैं।

### इन मानसूनी बीमारियों से कैसे बचें

उपरोक्त मानसूनी बीमारियों से बचाव के कुछ प्रभावी तरीके हैं-

शाम के समय खिड़कियाँ और दरवाज़े बंद कर दें क्योंकि मच्छर सूर्यास्त के दौरान और उसके बाद सबसे अधिक सक्रिय होते हैं।

सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

शरीर को ढकने के लिए पूरी बाजू कपड़े पहनें।

50' डीईईटी (रसायनों का संयोजन), पिकारिडिन और पैरा-मथेन- डायोल युक्त रिपेलेंट्स का उपयोग करें, क्योंकि वे मच्छरों और अन्य कीड़ों के खिलाफ प्रभावी हैं।

कूलर, प्लांटर्स, कचरा कंटेनर और बाल्टी जैसे खाली और सूखे कंटेनर क्योंकि मच्छर शांत पानी में प्रजनन कर सकते हैं।

प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने में मदद के लिए आहार में विटामिन सी शामिल करें या ओवर-द-काउंटर उपलब्ध सप्लीमेंट का उपयोग करें।

हर साल फ्लू का टीका लगवाकर इन्फ्लूएंजा से बचाव का टीका लगवाएं।

फ़िल्टर किया हुआ पानी पियें।

सड़क किनारे विक्रेताओं से खुला हुआ भोजन खाने से बचें।

खाना खाने से पहले अपने हाथ साबुन और पानी से धोएं।

**डॉ. महेन्द्र कुमार**
खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी तारानगर (चूरू)

## शॉर्ट सर्किट से मूंगफली फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का नुकसान

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सामोद क्षेत्र स्थित जाटा वाली रीको इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार सुबह एक मूंगफली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जांगिड़ ने बताया कि सामोद थाना क्षेत्र की हंसा एग्रो प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते फैक्ट्री के अंदर रखी मूंगफली और अन्य कच्चे माल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही चौंमू से दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इससे आसपास की अन्य फैक्ट्री को नुकसान होने से बचा लिया गया। आग से फैक्ट्री में रखी मूंगफली, पैकिंग सामग्री और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। गनीमत रही की घटना के समय फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। जिससे एक बहुत बड़ा हादसा टल गया। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जागिंड ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इस फैक्ट्री में मूंगफली छीलने का कार्य किया जाता था।



## नेशनल मास्टर्स एथलेटिक पूजा सोलंकी का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** भारतीय रेलवे सैनी (माली) कर्मचारी- अधिकारी विकास संस्था (अखिल भारतीय संस्था) की ओर से आयोजित होली मिलन व प्रतिभावान सम्मान समारोह में मकराना निवासी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक पूजा सोलंकी का सम्मान किया गया। संस्था की ओर से आयोजित इस समारोह में शिक्षा के लिए प्रयास कार्यक्रम के तहत आयोजित सम्मान समारोह में पूजा सोलंकी की गरिमामय उपस्थिति सभी के लिए गर्व का विषय रही। इस अवसर पर तरुणा सैनी (रेलवे अधीक्षक) एवं संतोष सैनी (रेलवे वरिष्ठ बुकिंग क्लर्क) ने पूजा सोलंकी का साफा, दुपट्टा एवं मेमोटो भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सुरेश सैनी, गोपाल सैनी (ओलंपिक अध्यक्ष), धर्मेंद्र कुमार सैनी, हरजीत राम सैनी, के.एल. भाटी, हुक्मचंद सैनी, राम अवतार सैनी, बहादुर सिंह सैनी, बी.के. सैनी, अशोक कुमार सोलंकी, मनोज सैनी, रामकरण पंवार, पूनाराम गहलोत, शीला सैनी, भावना सैनी, रंजनी मेहरवाल, सुमन सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित रहे। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ समाज में शिक्षा एवं खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने होली मिलन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया।



## मकराना में नमाज के बाद घर लौट रहे युवकों पर हमला, तीन घायल

### दो की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** शहर के आदर्श नगर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि को नमाज अदा कर घर लौट रहे कुछ युवकों पर हमलावरों की ओर से चाकू से हमला किए जाने की घटना सामने आई है। हमले में तीन युवक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, रात्रि करीब 10 बजे नमाज के बाद घर लौटते समय कुछ युवकों पर रास्ते में पहले से मौजूद हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में हनान, सोहेल व साहिल नामक युवक घायल हो गए। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने हनान व सोहेल की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## नकली सोने के बिस्किट दिखाकर साढ़े चार लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज कराया

जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** चौंमू थाना क्षेत्र में नकली सोने के बिस्किट दिखाकर साढे चार लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। सूरत निवासी दिनेश कुमार जांगिड़ ने इस संबंध में 27 फरवरी को चौंमू पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित दिनेश कुमार जांगिड़ ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें पिछले करीब एक महीने से एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आ रहे थे। कॉल करने वाले व्यक्ति में अपना नाम मौसम निवासी भरतपुर बताया और दावा किया कि वह पहले सूरत में साथ काम कर चुका है। आरोपी ने दिनेश को झांसा दिया कि उसके मौसी के बेटे को गुजरात में जेसीबी से खुदाई के दौरान सोने के बिस्किट मिले हैं। पैसों की जरूरत के कारण वह एक बिस्किट बेचना चाहता है। आरोपी ने 3 फरवरी 2026 को जयपुर रोड स्थित राधास्वामी क्षेत्र के पास एक अस्पताल के नजदीक दिनेश को मिलने बुलाया। मुलाकात के दौरान उसने कथित सोने का बिस्किट दिखाया और उसकी बाजार कीमत 18 लाख रुपए बताई। 9 फरवरी को दोबारा मिलने पर बिस्किट का सौदा 7:30 लाख रुपए में तय हुआ दिनेश जांगिड़ ने पैसों की कमी बताई जिसके बाद आरोपी ने उनसे 4:30 लाख रुपए नगद ले लिए और शेष राशि बाद में देने की बात कही। बाद में जब दिनेश ने उसे बिस्किट को अपने परिचित ज्वेलर व्यापारी को दिखाया तब वह नकली निकला। खुद के साथ ठगी होने का एहसास होने पर पीड़ित ने चौंमू पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया। चौंमू पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रैनबो इंटरनेशनल स्कूल में रंगों के साथ गूंजे होली के गीत

जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** शहर में स्थित रैनबो इंटरनेशनल स्कूल में होली उत्सव बड़े ही उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे फूलों, गुलाल और बच्चों की खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम प्रभारी शहनाज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से की गई, जिसमें विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक भी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने होली से संबंधित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने आकर्षक ड्रॉइंग बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया, वहीं कुछ विद्यार्थियों ने होली पर आधारित सुंदर कविताएं और गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक और रंगीन बना दिया। विद्यालय परिसर में बच्चों ने एक-दूसरे के साथ फूलों और गुलाल से होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली खेलने का संदेश भी दिया। विद्यालय के निदेशक प्रताप बेनीवाल व सह-निदेशक महेंद्र पारीक ने सभी विद्यार्थियों और स्टॉफ को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें और इस त्योहार को सुरक्षित एवं जिम्मेदारी के साथ मनाएं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और स्टॉफ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे विद्यालय में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य विधि शर्मा, सरोज देवी, निशा योगी, चंचल , शबाना और अंकिता सहित समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।



**युवा सशक्तिकरण की मिसालः**

## कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के नेतृत्व में रोजगार उत्सव में नवचयनित कार्मिकों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की युवा सशक्तिकरण व रोजगारोन्मुखी पहल के तहत एचसीएम रीपा के भगवत सिंह मेहता सभागार में जिला स्तरीय रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त पूनम मुख्य अतिथि रहीं, जबकि जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की प्रभावी अध्यक्षता में आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के कुशल नेतृत्व व दूरदर्शी कार्यशैली के चलते कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से आयोजित हुआ, जिसमें जयपुर जिले के 400 युवाओं को वेलकम किट प्रदान की गई। साथ ही 20 नवनियुक्त कार्मिकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अजमेर स्थित कायड़ विश्राम स्थली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें प्रदेशवासियों को 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत के 43 प्रमुख विकास कार्यों व परियोजनाओं की सौगात मिली। इनमें लगभग 8 हजार 554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित हैं, जबकि करीब 8 हजार 132 करोड़ रुपये की 9 प्रमुख परियोजनाएं केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग व ऊर्जा विभाग से जुड़ी हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ऊर्जा, जल संसाधन, उद्योग, सार्वजनिक निर्माण, नगरीय विकास व आवासन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग इन परियोजनाओं से संबद्ध हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभागीय आयुक्त पूनम ने कहा कि रोजगार प्राप्त करना किसी भी युवा के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से आमजन को पारदर्शी व संवेदनशील सुशासन प्रदान करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. रवि शेखावत सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में नवनियुक्त युवा कार्मिक उपस्थित रहे।



## सेवानिवृत होने पर प्रधानाध्यापक को दी विदाई

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीरामपुरा में शनिवार को प्रधानाध्यापक प्रकाश सिंह राजावत के सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई व आर्थिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत के प्रबुद्धजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीण प्रतिनिधि, अतिथि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का मंच संचालन शिक्षिका रितु रचियता ने किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रकाश सिंह राजावत को पुष्पमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने उनके सेवाकाल को अनुकरणीय बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। शिक्षक सुरेश चन्द्र मीणा ने कहा कि प्रकाश सिंह राजावत ने अपने कार्यकाल में अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी मजबूत नींव रखी। माध्यमिक शिक्षा जिला अधिकारी कैलाश आर्य ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण और सेवानिवृत्ति स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन अपने कार्यों से छाप छोड़ना ही सच्ची उपलब्धि है, जो राजावत ने हासिल की है। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षक-छात्र संवाद मजबूत हुआ और टीम भावना के साथ विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया। सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी बढ़ावा देकर विद्यालय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। अपने संबोधन में प्रकाश सिंह राजावत ने कहा कि यह विद्यालय उनके जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। उन्हें सदैव सहयोग और सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि यदि उनके प्रयासों से किसी विद्यार्थी का भविष्य संवर पाया हो तो वही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीईओ सीताराम गुप्ता, एसीबीईओ गोपाल प्रसाद, एडीईओ महेश टोंक, कुलदीप राजावत, अतिथि मौतीलाल सैन, सीताराम शर्मा, मोहनलाल प्रजापति, प्रभूनारायण प्रजापत, नाथूलाल शर्मा, जगदीशनारायण प्रजापत, कैलाश प्रजापति, राजकुमार धानका सहित विधालय स्टाफ और अनेक उपस्थित रहे।





## मकराना से 10 बसें पहुंची अजमेर, यूजीसी कानून के विरोध में काला झंडा प्रदर्शन

**मकराना(निस)।** अजमेर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होने के लिए मकराना से शनिवार को 10 बसें रवाना हुईं। इन बसों में नगर परिषद के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित विभिन्न वर्गों के लोग शामिल थे। रैली में भागीदारी के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी लोगों का अजमेर पहुंचना जारी रहा। इधर, करणी सेना एवं सवर्ण समाज के कुछ लोगों ने यूजीसी से जुड़े प्रावधानों के विरोध में काला झंडा दिखाकर प्रदर्शन किया तथा संबंधित कानून को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इस संबंध में पुनर्विचार करने की अपील की। प्रशासन की ओर से रैली को लेकर सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से भी अपनी-अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया गया।

## नरैना में नंदकेश्वर शोभायात्रा के मार्ग को लेकर असमंजस, व्यापारियों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नरैना(निसं)।** कस्बे में नंदकेश्वर शोभायात्रा के मार्ग एवं आयोजन को लेकर एक बार फिर चर्चा का माहौल बना हुआ है। ऐतिहासिक रूप से वर्ष 1924 में तत्कालीन जयपुर रियासत के सवाई दरबार द्वारा आजाद चौक व सुभाष चौक क्षेत्र के बीच होली पर्व मनाने को लेकर हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग दिन रंगोत्सव मनाने का निर्णय दिया गया था, जिसकी पालना वर्षों तक की जाती रही। इस परंपरा के अनुसार आजाद चौक क्षेत्र में धुलंडी के दिन रंगोत्सव मनाया जाता था, जबकि सुभाष चौक क्षेत्र में होली के पांच दिन बाद रंगपंचमी पर भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकालकर उत्सव आयोजित किया जाता रहा है। वर्ष 2020 में नंदकेश्वर मेला समिति की ओर से दोनों क्षेत्रों की सहमति से धुलंडी के दिन ही सामूहिक रूप से रंगोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया था। हालांकि गत वर्ष शोभायात्रा आजाद चौक नहीं पहुंचकर बड़े जैन मंदिर से ही वापस लौट गई, जिससे आजाद चौक क्षेत्र के लोगों में निराशा देखी गई। इसी संदर्भ में 27 फरवरी को सुभाष चौक स्थित धर्म तिबारे में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति की ओर से शोभायात्रा को इस बार भी बड़े जैन मंदिर से ही ले जाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के विरोध में आजाद चौक व्यापार मंडल अध्यक्ष ताराचंद सोनी के नेतृत्व में लगभग 50-60 व्यापारियों की ओर से हस्ताक्षरित ज्ञापन सांभर उपखण्ड अधिकारी को सौंपा गया, जिसमें धुलंडी व रंगपंचमी का त्योहार पूर्व परंपरा के अनुसार मनाने की मांग की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपखण्ड अधिकारी ने नरैना थानाधिकारी व नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# होली-धुलण्डी को लेकर सीएलजी बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** आगामी होली व धुलण्डी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सीएलजी सदस्यों व पुलिस अधिकारियों ने भाग लेते हुए त्योहार के दौरान कानून- व्यवस्था बनाए रखने तथा सामाजिक सौहार्द कायम रखने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। मुख्य सड़कों, उप जिला चिकित्सालय के सामने सहित प्रमुख मार्गों पर नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहनों के खड़े रहने से यातायात बाधित होने व जाम की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। सदस्यों ने कहा कि अस्पताल क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग के कारण मरीजों व एंबुलेंस को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नाबालिग बच्चों के तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन संचालन तथा यातायात नियमों की अनदेखी जैसी घटनाओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। सदस्यों ने ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने का सुझाव दिया।थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए त्योहारों के दौरान विशेष निगरानी रखने, नो-पार्किंग क्षेत्रों में कार्रवाई करने तथा यातायात नियमों की सख्ती से पालना करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील करते हुए कहा कि होली एवं धुलण्डी का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह शेखावत, मदन सिंह राठौड़,सुरेश चंद शर्मा,सोना देवी,पूनम कुमावत,पूजा भाटी सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।



## मकराना रेलवे स्टेशन पर पार्किंग की कमी से बढ़ी परेशानी

### अतिक्रमण पर ढिलाई से यात्रियों में नाराजगी

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैसेंजर को छोड़ने एवं लेने आने वाले लोग मजबूरन अपने वाहन स्टेशन के बाहर सड़क किनारे खड़े करते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े होने पर रेलवे पुलिस की ओर से मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 122 के तहत चालान काटे जाने या वाहन जब्त किए जाने की कार्रवाई से वाहन चालकों में असंतोष है। वहीं दूसरी ओर स्टेशन परिसर के आसपास चाय, आइसक्रीम, नमकीन के ठेले व मोची आदि की ओर से किए गए अतिक्रमण पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। रेलवे एक्ट 1989 की धारा 144 के तहत ऐसे अनधिकृत व्यापार अवैध माने जाते हैं, बावजूद इसके इन पर कार्रवाई कम होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था होने से न केवल यातायात सुचारू रहेगा, बल्कि यात्रियों को भी राहत मिलेगी। यात्रियों ने संबंधित विभाग से पार्किंग सुविधा विकसित करने व अतिक्रमण पर समान रूप से कार्रवाई की मांग की है।




## गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरण

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांजी कस्बे के 6 आंगनवाड़ी केंद्रों के अंतर्गत आने वाली गर्भवती महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 64 गर्भवती महिलाओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया तथा उन्हें पोषण किट वितरित की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच व टीकाकरण के प्रति जागरूक करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी महिलाओं को दी गई, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में समाजसेवी रामस्वरूप निठारवाल के सहयोग से 64 महिलाओं को पोषण किट प्रदान की गई। किट में आवश्यक पोषक सामग्री शामिल थी, जो मातृ व शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी।इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सन्नू जैन, मोहिनी देवी, संतरा देवी, सरोज देवी, खुशबू सैन, अंजू देवी साथिन रघुरेखा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सहयोगिनियों व आशा सहयोगिनियों का भी सम्मान किया गया।



## चंद्रग्रहण के सूतक काल में निकलेगी भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** चंद्रग्रहण व सूर्यग्रहण के सूतक काल व ग्रहण के दौरान सनातन धर्म के मंदिरों के पट ग्रहण की शुद्धि तक बंद रहते हैं। यह परंपरा सनातन से चली आ रही है ओर सनातन तक जारी रहेगी। वर्ष 2020 से पूर्व कस्बे में होलिका दहन के पांच दिन बाद रंगपंचमी पर भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा सुभाष चौक क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ निकाली जाती थी लेकिन वर्ष 2020 की होलिका दहन के बाद धुलंडी के दिन नंदकेश्वर की सवारी निकालना प्रारंभ किया। इस बार होलिका दहन के दिन चन्द्रग्रहण रहेगा। कस्बे के सभी मंदिरों के पट बंद रहेंगे। ऐसे में नंदकेश्वर शोभायात्रा समिति द्वारा सनातनी परंपराओं को दरकिनार करते हुए ग्रहण के सूतक काल में भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकाले जाने के फैसले पर सवालिया निशान लगाता है। अब देखना यह है कि सूतक काल के दौरान नंदकेश्वर की शोभायात्रा के दौरान कस्बेवासी भगवान नंदकेश्वर की पूजा अर्चना नहीं करके अपनी सनातनी परंपरा का निर्वहन करेंगे अथवा शोभायात्रा समिति की नीति विरूद्ध परंपरा का अनुसरण करते हुए पूजा अर्चना कर अनिष्ट को प्रबल करेंगे। मेला समिति से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि महाकाल मंदिर में भी भगवान महाकाल की ग्रहण के दौरान पूजा अर्चना होती है। महाकाल जो स्वयं काल के भी काल है।उनकी तुलना किसी अन्य शिवालय से कैसे की जा सकती है। महाकाल मंदिर का अपना विशेष महत्व है। महाकाल मंदिर शास्त्रों में वर्णित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक स्वयंभू दक्षिण मुखी ज्योतिर्लिंग है। कस्बेवासियों में नंदकेश्वर शोभायात्रा समिति के सूतक काल के दौरान भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकाले जाने के निर्णय के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त है।

## प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग के खिलाड़ियों का ऑक्शन 15 मार्च को

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग (सीजन-3) के खिलाड़ियों के चयन के लिए ऑक्शन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 को जयपुर स्थित पाँच सितारा होटल हिल्टन में आयोजित की जाएगी। एसपीएसएल फाउंडेशन की ओर से प्रायोजित यह लीग भारत का पहला सर्टिफाइड कार्बन न्यूट्रल स्पोर्ट्स इवेंट होगी, जो खेल आयोजनों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस वर्ष लीग की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि खिलाड़ियों का ऑक्शन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ऑक्शनर, क्रिकेट कमेंटेटर, क्विज मास्टर व प्रो कबड्डी लीग के सह-संस्थापक चारू शर्मा की ओर से संचालित किया जाएगा। टेनिस लीग के इतिहास में यह पहली बार होगा जब इस स्तर के प्रतिष्ठित ऑक्शनर खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया का संचालन करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी और प्रत्येक टीम में 8 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। टीम मालिकों की ओर से 200 खिलाड़ियों के पूल में से कुल 128 खिलाड़ियों को चुना जाएगा। प्रतिभागी खिलाड़ियों में पृथ्वीशेखर, प्रदीप पंत, नवीन महाजन, गौरव भार्गव, कार्तिक कन्नन, निकुंज कमल, मीनाक्षी, नेहा सहित कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। लीग के प्रमुख प्रायोजकों में डनलप, किंगफिशर, केएमटी, गैलियम, वीवो, अमूल, सस्टैली, हंड्रेड, हडल तथा विद्याग्राम इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। एसपीएसएल फाउंडेशन के संस्थापक विरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के मुकाबले 9 से 12 अप्रैल 2026 तक उदयपुर स्थित फील्ड क्लब में आयोजित किए जाएंगे। प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग का उद्देश्य देश में पेशेवर टेनिस को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना है।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
01 मार्च, 2026


## भव्य फाग महोत्सव व श्याम कीर्तन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** एन एच 11 गौड़ बाड़ी में निर्माणाधीन श्याम मंदिर परिसर में फागुन शुक्ला एकादशी को रात्री के समय श्री श्याम मित्र सेवा समिति की ओर से भव्य फागोत्सव व किर्तन का आयोजन किया गया। पं बृजेश दाधिच की ओर से बाबा श्याम की ज्योत की गई । उसके बाद गायक कलाकार सीमा पंडित कोलकाता नवरत्न पारीक, योगेश चतूर्वदी की ओर से बाबा श्याम के मीठे मीठे भजनों की प्रस्तुति दी। कामेडियन मामन सिंह ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में इत्र वर्षा,भव्य ज्योत,, फुलों का श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। श्याम धमाल पर उपस्थित श्रोता खूब झूमे। बाबा श्याम को फुलों की होली खिलाई गई। कार्यक्रम में श्रीश्याम मित्र सेवा समिति के सदस्य तथा कस्बे के काफी महिला पुरूष मौजूद थे। देर रात तक भगतों की भीड़ लगी रही।

## अंडर ब्रिज बनवाने की मांग, रेल मंत्री को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर (निस)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व तारानगर पंचायत समिति की हड़ियाल ग्राम पंचायत के प्रशासक राकेशचंद्र शर्मा ने उत्तर पश्चिमी मण्डल बीकानेर के रेल प्रबंधक से मुलाक़ात कर क्षेत्र के आसपास गाँव सिरसली, लोहसना बड़ा, ब्रह्मनगर, संगर, बास फगेड़िया, बास महलान, बास सिरसली आदि गाँवों के ग्रामीणों की तरफ से दुधवाखारा रेल्वे स्टेशन के सादुलपुर की तरफ पोल नम्बर 252/04 व 252/05 के मध्य लोहसना बड़ा से ब्रह्मनगर के आम रास्ते पर अन्डर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति/बनवाने की लिखित में मांग की। शर्मा ने बताया कि अन्डर ब्रिज नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है, दोनों पोल नम्बर के बीच आम रास्ते पर अन्डर ब्रिज बनने से ग्रामीणों की काफी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस मौके पर बीरबल कस्वां व देवकरण नैन भी शर्मा के साथ रहे।।

## भागवत कथा के समापन पर उमड़ा जन सैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के निकटवर्ती गांव हरपालसर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के पिता पूर्व आरएएस उत्तम सिंह की स्मृति में शिव गोशाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का सातवें दिन समापन किया गया। अंतिम दिन हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा वाचक बाल संत भोले बाबा के श्री मुख से कथा के वाचन का श्रवण कर जीवन को धन्य किया। भागवत कथा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, धर्मपत्नी चांद कंवर, पुत्रवधु कनिका सिंह, पौत्री ध्रुवीका सिंह, पौत्र विश्वराज सिंह, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व सभापति राजकरण चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, लालचंद छिरंग, एडवोकेट भगवती प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक, श्योकरण पोटलिया, पार्षद हंसराज सिद्ध, भूपेंद्र सिंह आसूसर, जुरदीप सिंह राठौड़, आनन्द प्रजापत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार किसान व मजदूर विरोधी: अमराराम

**राजलदेसर(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम राजलदेसर पहुंचे। सुजानगढ़ क्षेत्र में किसानों के सम्मेलन के बाद राजलदेसर पहुंचे। पत्रकारों से रूबरू हुए कॉमरेड अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां लगातार किसान और मजदूर विरोधी रही हैं। उन्होंने प्रस्तावित अमेरिकी ट्रेड डील को देश के कृषि क्षेत्र के लिए नुकसानदेह बताते हुए कहा कि इससे सस्ते विदेशी कृषि उत्पादों का आयात बढ़ेगा, जिससे देश के किसानों की फसलों के उचित दाम मिलने पर खतरा पैदा होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियां देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आत्मनिर्भरता को भी कमजोर करेंगी। उन्होंने चार लेबर कोड को मजदूरों के अधिकारों पर हमला बताते हुए कहा कि इससे श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा कम होगी और उनके सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार कमजोर होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान और मजदूर की लड़ाई अलग-अलग नहीं है, बल्कि यह संयुक्त संघर्ष है, जिसे एकजुट होकर आगे बढ़ाना होगा। कॉमरेड अमराराम ने कहा कि संसद के भीतर इंडिया गठबंधन किसान-मजदूर विरोधी नीतियों का मजबूती से विरोध कर रहा है और सड़कों पर भी जनआंदोलन के माध्यम से इन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने का भाजपा धर्म व गाय के नाम पर सता में आई। अब गोचर भुमी भूमाफियो को बेची जा रही है। गायों बेसहारा बन चुकी है। किसान ही गायो का पालन कर सकते हैं। गोचर बेचने से पशु किसानों के खेतों में घुसने पर मजबुर है। जिसको लेकर मैंने काफी बार विधानसभा में मुद्दे उठाये।

# विकसित भारत का सपना एनजीओ के बिना अधूरा: डॉ. त्यागी

### विश्व एनजीओ दिवस पर परिचर्चा व सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय नगर श्री सभागार में युक्ति सामाजिक शोध संस्थान की ओर से विश्व एनजीओ दिवस पर शुक्रवार को परिचर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय विकसित भारत निर्माण में एनजीओ की भूमिका था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजशास्त्र राज्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुशील त्यागी ने कहा कि एनजीओ के सहयोग के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है, क्योंकि राज्य के पास इतने संसाधन मैनपॉवर और बौद्धिक संपदा नहीं है, कि व्यक्ति समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सरोज हारित ने कहा कि यदि कोई भी एनजीओ वित्तीय पारदर्शिता रखता है, तो उसके सामने डोनेशन की समस्या नहीं आएगी। प्राकृतिक और मानविकृत आपदाओं के समय एनजीओ के प्रयास बहुत ही प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम का षुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था सचिव राजकौर राहड़ ने स्वागत भाषण दिया। चर्चा सत्र में बनवारी लाल शर्मा खामोश, प्रो. सुरेंद्र डी सोनी व इदरीश राज खत्री ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अतिथियों ने संस्थान के प्रतीक चिन्ह का विमोचन किया। इस दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं का सम्मान किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य संसद के बनवारी लाल शर्मा खामोश, लोक संस्कृति शोध संस्थान के श्यामसुंदर शर्मा, भारत विकास परिषद के पंकज मिश्रा, मूमल लोक कला शोध संस्थान के सुजान सिंह खींची, ब्रह्माकुमारी संस्थान की सुमन बहिन, लायंस क्लब के राजीव शर्मा, पुरस्कृत शिक्षक फॉर्म के ओमप्रकाश तंवर, ओपी शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के राजेंद्र शर्मा, राजस्थान लोक कला व विरासत संरक्षण अभियान के नितिन बजाज, अणुव्रत समिति की लक्ष्मी कोठारी, रॉयल विकलांग संस्थान के अख्तर खान, मंसूर अकादमी के अब्दुल मन्नान, विप्र नारी संघ की निहारिका शर्मा, निलयम वेलफेयर फाउंडेशन की सरला राव, चूरू एकता मंच के कपिल चंदेल, टैलेंट विला के प्रदीप कत्थक, इंसानियत एकता समिति के महबूब खान, उज्जवल उत्थान फाउंडेशन के अजय गोयल, शिव कला मंच के किशन लाल किरोड़ीवाल, समस्या समाधान समिति के सत्यनारायण व्यास को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुचित्रा कस्वां, पूजा सोनी, मुन्नी डागा, विजयकांत शर्मा, पुनीत लाटा, शैलेंद्र माथुर, मैनपाल सिंह, विनोद प्रजापत, संदीप जांगिड़ सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट रमेश सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बीदासर फाग के रंग में सराबोर, चंग-ढप की थाप पर देर रात तक गूंजे होली गीत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** होली पर्व को लेकर कस्बा पूरी तरह फाग के रंग में रंग चुका है। रात्रि में चंग व ढप की थाप पर फाल्गुनी लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। फाग रसिया पैरों में घुंघरू बांध तथा महिलाओं की आकर्षक वेशभूषा धारण कर होली गीतों पर देर रात तक जमकर थिरक रहे हैं। कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में चंग, ढप और बांसुरी की मधुर धुनों के साथ फाल्गुनी गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। नोखा-सीकर रोड स्थित सिविल न्यायालय के सामने चौरड़िया उधान में शुक्रवार को अभिभाषक संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजय राजस्थानी म्युजिकल ग्रुप ने रंगारंग धमाल प्रस्तुतियां दीं, वहीं महरी स्वांग नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक होली धमालों पर दर्शकों ने जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष किशनलाल भादु, उपाध्यक्ष दिनदयाल प्रजापत, गौतम सैनी, अरविंद चौधरी, रघुवीर भाभू, महेश छापोला, ज्ञानाराम चौधरी, प्रेम सैनी सहित अनेक अधिवक्ता व कस्बेवासी मौजूद रहे। इसी क्रम में बीदासर गौशाला के सामने दड़ीबा मित्र मंडल द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजलदेसर के आज़ाद एंड पार्टी के कलाकारों ने पारंपरिक होली धमाल प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहमय बना दिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, हडमानजी मणिहार, श्रीराम छापोला, रामोतार मारोठिया सहित दड़ीबा क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। होली पर्व को लेकर कस्बे में उत्साह चरम पर है और फाग उत्सवों के साथ सांस्कृतिक परंपराएं जीवंत होती नजर आ रही हैं।

### रंग, परंपरा और उल्लास का संगम

## राजलदेसर में पांच दिवसीय गिंदड़ नृत्य महोत्सव का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में होली पर्व के अवसर पर वर्षों से चली आ रही लोक परंपरा के तहत आयोजित होने वाले पांच दिवसीय गिंदड़ नृत्य महोत्सव का सोमवार रात्रि विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया गया। ग्यारस से पूर्णिमा तक आयोजित होने वाले इस पारंपरिक लोकनृत्य कार्यक्रम को लेकर कस्बे में उत्साह और उल्लास का माहौल बना हुआ है। कस्बे के गांधी चौक में गांधी चौक नृत्य कला मंडल की ओर से तथा मैन बाजार में मैन बाजार नृत्य कला एवं गिंदड़ परिषद कमेटी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। मैन बाजार में कमेटी अध्यक्ष मनोज महावर ने ढोल-नगाड़ों की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं गांधी चौक में अध्यक्ष कमल डागा ने विधिवत पूजा कर गिंदड़ नृत्य की शुरूआत करवाई।

शुभारंभ के साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर गिंदड़ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग देर रात तक मौजूद रहे। नृत्य की लय और ताल पर झूमते कलाकारों ने होली के रंगों की आहट के साथ कस्बे के सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत कर दिया।

आयोजकों के अनुसार यह पांच दिवसीय गिंदड़ नृत्य महोत्सव 3 मार्च से प्रारंभ होकर 4 मार्च की प्रातःकाल तक निरंतर आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन रात्रि के समय लोक कलाकार पारंपरिक गिंदड़ नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। इस आयोजन के माध्यम से न केवल शेखावाटी अंचल की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित किया जा रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। कस्बेवासियों में इस पारंपरिक आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## श्याम मन्दिर में भजन संध्या में उमड़ा जन सैलाब



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर्व पर शुक्रवार को शंकर लाल, शांति देवी महनसरिया की स्मृति में आयोजित श्याम महोत्सव में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, पत्नी सुलोचना देवी व मंदिर पुजारी संतोष भुढ़ाढ़रा ने बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान महनसरिया ने भानीनाथ आश्रम के संत विद्यानाथ महाराज, ध्याननाथ महाराज का माला व दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया। भजन संध्या में संत विद्यानाथ महाराज ने गजानंद सरकार पधारो कीर्तन की सब तैयारी है, लाया मां थारी चुनरी करियो थे स्वीकार, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है। भजन गायकर महेश चोटिया ने रटो पार्वती के भरतार करेंगे बेड़ा पार आदि भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर रमेश महनसरिया, पवन महनसरिया, दिलीप, ताराचंद महनसरिया, कालू महर्षि, योगेश गौड, महेंद्र चौबे, बालकिशन राजगढ़िया, विमल जोशी, संतोष महनसरिया, बजरंग महनसरिया, संजय बजाज, श्रीराम पिपलवा, दिनेश एडवोकेट आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश नवहाल ने किया।

## राजाबल के दरबार में मची होली रे.फाल्गुन की मस्ती में झूमे रसिए




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय गढ़ चैराहे पर शुक्रवार शाम को फागोत्सव का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक संस्कृति के पुरोधा सुबोध अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। बूंटीनाथ आश्रम के महंत निरंजन नाथ व झारिया धाम के आकाश नाथ महाराज के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने चंग की थाप पर जमकर नृत्य किया। रमाकान्त भाऊवाला, अजीत, नमन, मानव, मानस व पंकज ने आगंतुक संतो का सम्मान किया। इस अवसर पर लोक कलाकार बाँसुरी वादक राजेश सैनी, नगारा वादक सुनील व्यास, गायकार राकेश दाधीच, नीरज गौड़, इंतजार, उमेश दाधीच सहित अनेक कलाकारों ने होली की धमालों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस अवसर पर कलाकारों ने होळी आई रे......, राजाबल के दरबार में मची होली.....उड़ती पूर्वईया संदेशो म्हारो लेती जाज्यो...., रुत आई रे पपीहा तेरे बोलण की और 'रंग झीणौ रै राठौड़ा थारी महफिल रो' आदि लोक गीतों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर सुनील भाऊवाला ने कहा कि हमारी संस्कृति को जीवित रखना ही असली सेवा है। इस अवसर पर बालकिशन राजगढिया, योगेश शर्मा, नारायण घाघूं, सांवरमल गहनोलिया, किशन सारस्वत, अमन सारस्वत, उमाशंकर शर्मा, पवन महनसरिया, हनुमान आदित्य, मोतीलाल सोनी, गिरीश भावनानी, जगदीश शर्मा, दीनदयाल सैनी, विनोद बागला सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग उपस्थित रहे।

# शीश के दानी लखदातार के 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

### सूरजगढ़ का निशान लहराते ही भाव-विभोर हुआ बाबा श्याम का दरबार,लक्खी मेले का समापन





जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निस)।** विश्व विख्यात बाबा श्याम के वार्षिक आठ दिवसीय फाल्गुनी लक्खी मेले के अंतिम दिन द्वादशी पर आस्था, परंपरा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर शीश नवाया और मनोकामनाएं मांगी। द्वादशी के पावन अवसर पर सूरजगढ़ से लाया गया 378वां निशान विधिवत रूप से बाबा श्याम को अर्पित कर मंदिर के शिखर पर चढ़ाया गया। जैसे ही सूरजगढ़ का निशान मंदिर परिसर में पहुंचा, श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और निशान के दर्शन व स्पर्श के लिए श्रद्धालुओं में होड़ सी मच गई। इस परंपरा की सबसे खास बात यह है कि सूरजगढ़ से श्रद्धालु निशान को लेकर पैदल खाटू धाम पहुंचते हैं। निशान अर्पित करने के बाद यही जत्था पुनः पैदल ही अपने गांव सूरजगढ़ के लिए रवाना होता है। पिछले 378 वर्षों से अनवरत निभाई जा रही यह परंपरा बाबा श्याम के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते, भजन-कीर्तन करते हुए खाटू धाम पहुंचते हैं, जिससे पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहता है। द्वादशी के साथ ही फाल्गुनी लक्खी मेले का औपचारिक समापन भी हो गया। सूरजगढ़ का निशान शिखर पर चढ़ने के साथ ही मेले की विदाई का क्रम शुरू हो गया और श्रद्धालु अपने-अपने गंतव्य की ओर लौटने लगे। हालांकि, बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आगमन अभी भी जारी है।

मेले के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने इन व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, द्वादशी तक करीब 15 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में दर्शन कर चुके हैं। इधर, श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के चलते मंदिर के पट बंद रहेंगे, वहीं 5 मार्च को तिलक श्रृंगार के कारण भी मंदिर बंद रहेगा। 3 से 5 मार्च के बीच सीमित समय के लिए ही मंदिर के पट खोले जाएंगे। कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 5 मार्च के बाद ही खाटू धाम आने का कार्यक्रम बनाएं और व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
01 मार्च, 2026


# अजीतगढ में रात्रि चौपाल आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा उपखंड की ग्राम पंचायत चूड़ी अजीतगढ़ में गत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के दौरान अरुण गर्ग जिला कलेक्टर की ओर से आमजन की समस्याओं व परिवादों की सुनवाई की गई। कुल 35 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित परिवादियों को राहत प्रदान की गई। शेष शिकायतों के त्वरित व समयबद्ध निस्तारण के लिए जिला कलेक्टर की ओर से संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित परिवादों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और अपनी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कीं।

# मण्डावा में श्रीश्याम कीर्तन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे के वार्ड तीन में सुनीता यादव की ओर से श्री श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन गायक सरोज सिंघानिया और संगीता टेलर व अन्य कलाकारों ने श्याम बाबा के भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। खाटू वाले श्याम सरकार का भव्य दरबार सजाया गया था। बाबा को भोग की प्रसादी अर्पित की गई। पूरे दरबार में इत्र और पुष्पवर्षा से सुगंध फैल गई। सुनीता सहित कई श्याम प्रेमियों ने पावन ज्योत के दर्शन किए। श्री श्याम सखी महिला मण्डल समिति की ओर से आयोजित इस कीर्तन में कई लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। इनमें 'तेरी रहमतों का दरिया सरेआम चल रहा है', 'कितने सेठ जहां में मौज उड़ाते हैं', 'थारे खाटू की माटी म्हारे रास आ गई', 'सुन ले कन्हैया विनती हमारी' और 'बाबा श्याम के दरबार में मची रे होली' जैसे भजन शामिल थे। इन भजनों पर श्याम प्रेमियों ने तालियां बजाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कीर्तन की शुरुआत सरोज मोदी ने गणेश वंदना के साथ की। उन्होंने खाटू वाले श्याम की कथा सुनाई, जिसके बाद सभी श्याम प्रेमियों ने बाबा के साथ 'लाडू होली' खेली। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बाबा का गुणगान किया। अन्त में बाबा श्याम की आरती की गई, जिसके बाद प्रसादी का वितरण हुआ। कार्यक्रम संयोजक उमा हेमाणी ने अन्त में सभी का आभार जताया।

# मण्डावा विधानसभा क्षेत्र को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी सौगात



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार की अनुशंषा पर रामपुरा से डाबड़ी धीरसिंह तक सड़क के चोड़ाईकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 10 कि.मी. के लिए 7 करोड़ 50 लाख रुपए स्वीकृत किए और ग्राम शेखसर में पशु चिकित्सा उपकेन्द्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। इसके लिए पूर्व सांसद ने क्षेत्रवासियो की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी व पशुपालन, डेयरी व गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका, जिला कार्यालय सह मंत्री महेन्द्र धायल, राजेन्द्र ठेकेदार, संजय मील, पं.सं. सदस्य राहुल कुमावत, राजकुमार धूवां, मण्डल अध्यक्ष विकास ईश्वरवाल, जगमेन्द्र धायल, मोहनलाल सैनी, पवन धौलपूरिया, मुकेश दूत, अजय कुमार, इन्द्राज ढाका, सरपंच बृजेश सेवदा, सतीश पूनिया, महेश पूनिया, अभिमन्यू कस्वां, मुकेश झाझड़िया, यशवर्धन सिंह महनसर, सुरेश सैन दूराना, अमित डूडी ने मिठाई बाटकर पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी का आभार व्यक्त किया।

# मण्डावा में फागोत्सव महोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिका की ओर से एक मार्च को शाम को सवा पांच से रात सवा आठ बजे तक नगर पालिका चौक में फागोत्सव महोत्सव मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस फागोत्सव में फतेहपुर की नितिन बारबाडिया एण्ड पार्टी की ओर से आकर्षक धमालों की प्रस्तुतिया दी जाएगी। ईओ जेकीराम गोयल ने आव्हान किया है कि वे आयोजित फागोत्सव में हिस्सेदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# श्याम निशान पदयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** फाल्गुन माह के अवसर पर मण्डावा में शनिवार को भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब श्याम मंदिर व श्याम निशान महिला मंडल की ओर से विशाल श्याम निशान पदयात्रा निकाली गई। श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के तहत आयोजित इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत श्रवण प्रजापति भवन स्थित परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई। यजमान के रूप में श्रवण कुमार सपत्नी शामिल हुए। इसके बाद भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें करीब 151 महिला, पुरुष और बच्चे हाथों में निशान लेकर कतारबद्ध होकर शामिल हुए। लाल-पीले परिधानों में सजी महिलाएं और गुलाबी-पीले वस्त्रों में पुरुष हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा जैसे जयकारों के साथ पूरे कस्बे को भक्तिमय बना रहे थे। यात्रा के दौरान फागण आयो रे सांवरिया, श्याम तेरे भजनों में मस्ती का खजाना है सहित कई भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-झूमते नजर आए। शोभायात्रा में सुसज्जित वाहन पर बाबा श्याम और वीर हनुमान का दरबार आकर्षण का केंद्र बना रहा।

पंकज शर्मा व नरोतम चेजारा ने बताया की आयोजन में बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। निशान यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नानीबाई स्कूल के सामने स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। खेली होली : अबीर-गुलाल के साथ होली भी खेली गई और भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि शनिवार को बारस की ज्योत के साथ श्याम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हुआ।

# दादा -दादी सम्मान महोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एवरग्रीन पब्लिक सैकेंडरी स्कूल में शनिवार दोपहर को दादा -दादी सम्मान महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के दादा -दादी ने भाग लेकर बच्चों के शैक्षणिक विकास की प्रगति जानी। विद्यालय के निदेशक रतन सैन ने बताया कि प्रति वर्ष आयोजित इस अनूठे समारोह का उद्देश्य बच्चों को अपने अभिभावकों के प्रति कृतज़्ता और सम्मान का भाव जागृत करना है। इस अवसर पर समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ साहित्यकार डॉ.घनश्याम नाथ कच्छावा, मरूदेश संस्थान के सचिव कमल नयन तोषनीवाल, कैमिस्ट एसोसिएशन के सचिव सुमनेश शर्मा, व्यवसायी बनवारीलाल टाक, कन्हैयालाल जाखड़, सैन समाज के अध्यक्ष बजरंग गहलोत, संतोष कुमार टाक, पूर्व अध्यक्ष दिलीप मोयल, पूर्व बैंक अधिकारी अशोक माटोलिया, श्रवण सिंह आदि ने किया। इस अवसर विद्यालय के बच्चों ने मन भावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। साथ ही दादा दादी ने वन मिनदा परफारमेंश का कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ, जो पीढ़ियों के बीच संवाद हीनता के अंतराल को कम करता हैं। अतिथियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि बड़ों से मिली अनुभव की सीख व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी होती हैं। दादा दादी और पोता पोती का आपसी सामंजस्य बहुत भावुक और आत्मीय होता हैं। अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रबंधक देवांश सैन, नेहा बिल्खीवाल, स्नेहा सैन, श्रवण जाखड़ आदि ने किया। संचालन रघुवीर ढाका ने किया।

# सड़क दुर्घटना मामले में 5.92 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावाधिकरण पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में 5.92 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित किया है। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता मुकेश जाखड़ चंगाई ने बताया कि 13 मई 2025 को चूरू के खीवासर निवासी विनोद प्रजापत अपनी ब्रेज़ा गाड़ी से तारानगर में शादी में शामिल होकर अपने गांव खीवासर जा रहे थे। करीब 11.30 बजे चूरू तारानगर सड़क पर स्तिथ मॉडर्न स्कूल से आगे ट्रैक्टर के चालक ने अचानक लापरवाही से ब्रेक लगा दिए जिससे टैंकर में ब्रेज़्ज़ा गाड़ी लगने से गंभीर चोटे आयी, घायलों को तारानगर के सरकारी राजकीय अस्पताल लेकर, दोनों की हालत गंभीर देखते हुए हाई सेंटर चूरू रेफर कर दिया। थाने में में घटना का मुकदमा दर्ज हुआ। अनुसंधान अधिकारी ने अनुसंधान कर चालक इंद्राज के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। घायल विनोद व भागचंद की ओर से एमएसिटी कोर्ट में क्लेम याचिका पेश की जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने दोनों पक्षों की आपस में समझाइश कर प्रार्थी के पक्ष में 5.92 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित किया। प्रार्थीगण कि तरफ से मामले की पैरवी अधिवक्ता मुकेश जाखड़ चंगाई व अप्रार्थी बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह राठौड़ ने की।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु**

ई-44 अग्रसेन नगर चूरू
E-mail- eemhchuru@yahoo.com
फोन नं. 01562-254670

क्रमांकःप.01()/चि.स्वा./खण्ड-चूरु/2025-26/1083 दिनांक :- 23/2/26

**निविदा सूचना संख्या :- 27 / 2025-26**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू में उप स्वा. केन्द्रो के भवन निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यो राशि रु. 48.50 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं ।
UBN No.
1. NRH2526WSOB02549

(ईमरान खान)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू

DIPR/C/4337/2026

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:-2722-2735 Date: 23-02-2026

**Notice Inviting Bid No 24/2025-26**

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 13.03.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 233.10. Lacs
NIB No. PWD2526A5859
UBN No :-
1. PWD 2526WSOB23936
2. PWD 2526WSOB23937

DIPR/C/4298/2026

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No: 3361-3370 Date: 20/2/26

**Notice Inviting Bid No 30/2025-26**

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 11.03. 2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in/http://sppp.raj.nic.in) 'of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 17.97 Lacs
NIB NO PWD2526A5814
UBN No :-
1. PWD 2526WSOB23934
2. PWD 2526WSOB23935

DIPR/C/4173/2026

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

# मेडिकल कॉलेज में विजेताओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में चल रहा वार्षिकोत्सव नक्षत्र 2026 कार्यक्रम के छठे दिन प्रथम चरण के पुरस्कार समारोह में विभिन्न खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता व उप विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ- साथ खेलों में भाग लेना चाहिए, जिससे विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। इस अवसर पर क्रिकेट, टेनिस, टेबल टेनिस, खो-खो, बैडमिंटन, फुटबॉल, शतरंज, कब्बड्डी, बॉलीवाल आदि खेलों में विजेता, उप विजेताओं व राजस्थानी, पंजाबी, हरियाणवी आदि लोक गीतों में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर डीबी अस्पताल अधीक्षक दीपक चौधरी, उप प्राचार्य रमाकान्त वर्मा व डॉ. शशीधर शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तोलासर, पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक = 36 दिनांक :-27.02.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत तोलासर में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत विभन्न कार्यों के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//eproc.rajasthan.gov.in एवं https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है ।

UBN- ZCR2526GSLB0285

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तोलासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत तोलासर

राजस्थान सरकार

**ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चुरू - जिला - चुरू (राज0)**

क्रमांकः- लेखा / 2025 / 194 दिनांक - 23-02-2026

**ई - निविदा सूचना 05/2025-2026**

इस कार्यालय के अधीन संचालित प्राथमिक केन्द्रों पर वर्ष 2025-26 में लैब रिजेन्ट सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु बोनाफाईड आपूर्तिकर्ता / अधिककृत संस्था / विक्रेता से निम्नानुसार ऑनलाईन ई- निविदा द्वि-प्रकमी बोली (तकनीकी व वित्तीय) में आमंत्रित की जाती है ।

| Sr.No. | सामग्री | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लेबोरेट्री रिजेन्ट्स / सामग्री | 63 लाख | 1.26 लाख | 1000.00 | 1500.00 |

निविदा का विस्तृत विवरण https//sppp.rajasthan.gov.in एवं https//eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखा व डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है इस निविदा में भाग लेने वाले संवेदक को ईलेक्ट्रोनिक फॉरमेंट में ष्ठस्ष्ट च्द्र4 के द्वारा वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in पर अंतिम तिथि एवं नियत समय तक डॉक्यूमेंट अपलोड कर निर्धारित बीओक्यू भरनी होगी । तथा नियत समय से पूर्व अमानत राशी / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग शुल्क कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवाया जाना होगा।

| क्रमांक | विषय | तारीख | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रकाशन एंव दस्तावेज डाउनलोड किये जाने की तिथि | 24-02-2026 | 12.00PM |
| 2 | बोली प्रस्तुत ( सभी दस्तावेजों सहित ) किये आने की अंतिम तिथि | 07-03-2026 | 1.00PM |
| 3 | तकनीकी बोली खोलने की अंतिम तिथि | 08-03-2026 | 11.00AM |

NIB-MHS2526 A4856
UBN- MHS2526 GLOB 06872

DIPR/C/4357/2026

ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चुरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारशहर 331403 (चूरू)**

E-mail-eepphedsrdr@gmail.com

क्रमांक- अअ / जनस्वा/ निविदा / 2025-26 / 2837 दिनांक :- 20.02.2026

**निविदा सूचना संख्या 73-74 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों की मोहर बंद निविदायें उचित श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको / अनुभवी फर्मों से आमन्त्रित की जाकर निविदाएं दिनांक 04.03.2026 SPPP.rajasthan.gov.in के माध्यम से विक्रय की जाकर दिनॉक 05.03.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03:30 बजे खोली जावेगी। प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075-00-800-52-01 ) EMD (through e- GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head 8443-00 108-00-00 लोक निर्माण कार्य Bidders shall upload the copy of bank receipt of e-GRASS Challen and send by e-mail to eepphedsrdr@gmail.com से संबंधित चालान कि प्रति संलग्न प्राप्त होने की स्थिति में ही निविदा विचारणीय होगी। डाक, तार एवं शर्तों सहित निविदाये मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा । निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ( लेटरपेड) के संलग्न रजिस्ट्रेशन पत्र व नवीनतम जी.एस.टी. पेड चालान कॉपी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा प्रार्थना पत्र अस्वीकार्य होगा। ये निविदाएं विभागीय वेबसाईट Sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्रों के साथ उपरोक्त समस्त दस्तावेज संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदाएं विचारणीय नहीं हो सकेगी। निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में सम्पादित की जावेगी ।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि रू. में | धरोहर राशि राशि रू. में | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 73/25-26 | Supply Of Various size Approved Make Submersible Cable under Div Sardarshahar. UBN is-PHE2526WSOB14661 Date 20.02.26 | 07.00 | 500 | 14000 | 01 Month |
| 74/25-26 | Supply Of Various size CID Joint for PVC/HDPE Pipe under Div Sardarshahar. UBN is- PHE2526 GSOB 14662 Date 20.02.26 | 07.00 | 500 | 14000 | 01 Month |

जल ही जीवन है- बूंद बूंद संग्रहण योग्य है ।

DIPR/C/4134/2026

अधिशाषी अभियंता (परियोजना)
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर

## नेत्रदान से दो नेत्रहीनों की जिंदगी होती है रोशन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर, प्राणनाथ होस्पिटल व तेरापंथ युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही मुहिम में शनिवार को एक और नाम जुड़ गया है। जिसमें चौधरी कुआं के पास रहने वाले नेतराम स्वामी पुत्र गौरीशंकर स्वामी 80 वर्ष की दान की गई आंखें फिर से दुनियां देख सकेंगी। नेतराम स्वामी का निधन सुबह होने पर उनके पुत्र राजकुमार स्वामी, संजय कुमार स्वामी तथा विजय कुमार स्वामी की सहमति पर प्राणनाथ होस्पिटल के नेत्र संग्रह केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व सहयोगी



दिनेश शर्मा ने उनके घर जाकर नेत्र संग्रहण किया। परिजनों को प्रेरित करने में योगगुरु फुसाराम स्वामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त जानकारी देते हुए नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र में यह 35 वां नेत्रदान हुआ है। नेत्रदान की मुहिम धीरे-धीरे गति पकड़ रही है। फ़रवरी माह का यह छठा नेत्रदान है। नेतराम स्वामी के नेत्रदान किए जाने पर उनके परिजनों का गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ होस्पिटल के चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

## साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन किया गया। खेल भावना व उत्साह के साथ आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच के बीच खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। जहां अंततः विजेता टीम ने अपने सधे हुए तालमेल और बेहतरीन सर्विस के दम पर खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भवानी शंकर टीम विजेता रही।प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में मुकेश सुथार व उमा भारती जांगिड़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी और कहा कि शिक्षा का मतलब किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास है। खेल हमें अनुशासन, धैर्य और टीमवर्क से सीखना है जो जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है। खेल प्रभारी महेश छिम्पा ने पूरी प्रतियोगिता की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि सप्ताह भर चली इन स्पर्धाओ में कबड्डी, दौड़, खो - खो वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक आशीष पारीक, उमेश शर्मा, सुमन चौहान, राजेंद्र भट्ट, नारायण लाटा, कपिल सारस्वत और समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता एवं उपस्थिति में खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन किया गया।

## फाग के रंग में सराबोर हुआ राजलदेसरः चंग प्रतियोगिता ने बांधा समां



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में होली के फागोत्सव के तहत गांधी चौक नृत्य कला मण्डल की ओर से शनिवार शाम 5 बजे चंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष कमलसिंह डागा ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर हेमराज गिडिया, खिवकरण कुण्डलिया, नरपत बैद, मोहनलाल महावर, शांति लाल गिडिया, शांति लाल दुधेडिया, शंकर खण्डोलिया, सत्यनारायण पंडित, रामगोपाल दाधिच, पुरुषोत्तम नाई, राजकुमार नाई, गोपाल मारू, मनोज मारू, गौतम रेडी व हेमराज बैद मंचासीन रहे। समिति की ओर से पधारे अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में कस्बे की विभिन्न चंग पार्टियों ने फाग गीतों के साथ धमाल की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सहित फाग प्रेमियों की उपस्थिति रही। समिति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष कमलसिंह डागा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कथित वसूली के आरोपों से विभाग घिरा, वाहन चालक की मौत के बाद उठे सवाल

**धौलपुर(निस)।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुजरने वाले वाहनों से कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने के आरोपों को लेकर संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। हाल ही में जांच के दौरान एक वाहन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद आमजन में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, एक सप्ताह पूर्व जांच के दौरान बिजनौर (उत्तर प्रदेश) निवासी वाहन चालक अकरम पुत्र हसमुद्दीन खान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना को लेकर जहां कुछ लोग इसे हादसा मान रहे हैं, वहीं अन्य लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल टीम की ओर से निरीक्षण किया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इधर, राजमार्ग पर वाहनों की जांच प्रक्रिया एवं कथित वसूली को लेकर भी विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि संबंधित प्रकरण में वास्तविक स्थिति जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन घटना के बाद विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर आमजन में असंतोष देखा जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच जारी है।

# सुमेरपुर में 'एम्बुलेंस माफिया' पर बवाल, 5 हजार वसूली का आरोप

### सांसद का नाम लिखी गाड़ी बनी चर्चा

### एम्बुलेंस एसोसिएशन ने एसडीम को सौंपा ज्ञापन कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर में अवैध एंबुलेंस संचालन और मनमानी वसूली के आरोपों ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। निजी एंबुलेंस एसोसिएशन सुमेरपुर ने शनिवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और अवैध रूप से चल रही एंबुलेंसों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।




यह सब खबर छपने के बाद मामला उजागर हुआ। एसोसिएशन का आरोप है कि बिना पंजीकरण के कुछ एंबुलेंस चालक अस्पतालों के बाहर डेरा डालकर मरीजों और उनके परिजनों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। इससे आमजन आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं और अधिकृत चालकों की साख पर भी असर पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद सभी की नींद उड़ गई।

**5 हजार वसूली का मामला बना सुर्खियां:** ज्ञापन में हाल ही में सामने आए एक प्रकरण का जिक्र किया गया है, जिसमें एक निजी अस्पताल के बाहर एंबुलेंस चालक की ओर से मरीज के परिजन से ?5000 वसूलने का आरोप है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। एसोसिएशन का कहना है कि ऐसे चालक मरीजों को दबाव बनाकर अपनी एंबुलेंस में बैठाने का प्रयास करते हैं और निर्धारित दरों से अधिक किराया मांगते हैं।

**सांसद का नाम लिखी एंबुलेंस पर सवाल:** विवाद उस समय और गहरा गया जब एक एंबुलेंस पर लुंबा राम चौधरी (सिरोही सांसद) का नाम अंकित होने की बात चर्चा में आई। आरोप है कि नाम का उपयोग प्रभाव जमाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामला राजनीतिक रंग भी लेने लगा है।

**अस्पताल परिसरों में 'अवैध कब्जा' का आरोपः** दिए गए ज्ञापन में बताया कि ' सुमेरपुर के कई निजी अस्पतालों के बाहर एंबुलेंसों का जमावड़ा लगा रहता है। अधिकृत चालकों का आरोप है कि अवैध संचालक अस्पताल परिसरों के बाहर खड़े होकर व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। एसोसिएशन ने इसे 'व्यवस्था के साथ खिलवाड़' बताते हुए कहा कि इससे मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

**नर्सिंग स्टाफ पर भी गंभीर आरोपः** ज्ञापन में कुछ निजी और सरकारी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ पर भी एंबुलेंस चालकों से अवैध रूप से रुपये मांगने का आरोप लगाया गया है। एसोसिएशन का दावा है कि राशि नहीं देने पर मरीजों को एंबुलेंस में बैठने से रोका जाता है। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं तो मामला और गंभीर हो सकता है।

**प्रशासन की अग्निपरीक्षाः** एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि:क्षेत्र में संचालित सभी एंबुलेंसों की सघन जांच हो, अवैध एंबुलेंसों पर तत्काल रोक लगे, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो, केवल पंजीकृत एंबुलेंस चालकों को ही सेवा की अनुमति मिले। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन सख्ती दिखाएगा या अवैध एंबुलेंस संचालन यूं ही चलता रहेगा? सुमेरपुर में एंबुलेंस व्यवस्था पर उठे सवालों ने स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

## श्याम भजन संध्या में आस्था का सैलाब

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय श्री श्याम शखा मंडल की ओर से श्याम महोत्सव 2026 के तहत गत रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन नया बास क्लब में किया गया। जिसमें छोटू सिंह एंड पार्टी की ओर से विशाल भजन संध्या में शानदार प्रस्तुतियां दी गई। मंडल के सेंटलर रामावतार मंत्री ने बताया के नरेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल जांगिड़, पवन सोनी, सागरमल स्वामी, महेश सोनी ने सपत्नी बाबा की ज्योत लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की। छोटू सिंह ने गणेश वंदना से शुरूआत करते हुए -तीन बाण के धारी श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम धमाल गाकर सभी श्याम भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा की गई। श्याम की फौज ने 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर व श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर वह दुपट्टा पहनाकर छोटू सिंह का स्वागत किया। देर रात्रि तक चल रहे प्रोग्राम में हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे। वहीं बाबा श्याम की दिव्य झांकी भी सजाई गई। खीर चूरमे का भोग बाबा शाम को लगाया गया। वहीं शनिवार को दोपहर में श्याम धमाल कार्यक्रम में नरेंद्र शर्मा, आकाश सोनी, शंकर करवा, पिंटू सोनी, गौरव पारीक, यश पारीक, राहुल पारीक ने बाबा श्याम की धमाल गाकर आनंद लिया। उसके बाद महा आरती वह भंडारा प्रसाद आयोजन किया गया।

## आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 33, 11 केवी सब स्टेशन जीटीआर पर पावर ट्रांसफार्मर रखने के कारण 1 मार्च को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता एचटीएम डिस्कॉम धौलपुर सुमन चौहान ने बताया कि सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केवी पुराना शहर, सागरपाडा, गंज वाटर बॉक्स, आईटीआई, पुरानी सराय, राधा बिहारी व वाटर बॉक्स, चम्बल फीडरो से निकलने वाले पुराना शहर, पटपरा, खिड़की मौहल्ला, किरी मौहल्ला, लुधपाड़ा, कामाक्षी आईटीआई, सागरपाड़ा, गंज, महात्मा नंद की बगीची, टाऊन चौकी, विरजापाड़ा, अशोक विहार कॉलोनी, बाटर बक्स, मचकुंड, आरईसीएल, गुर्जर कॉलोनी, जाहिद ढाबा, डॉ. रामविलास हॉस्पिटल, ऋषभ पेट्रोलियम, एएस पेट्रोलियम, पुरानी सराय, 100 फुटा रोड, सना रेस्टोरेंट, बरपुरा, अचलेश्वर महादेव, मुक्ति धाम, राधा बिहारी, गर्ल्स स्कूल, पैलेस, चंबल व बाटर बॉक्स इत्यादि संबंधिति क्षेत्रों की 1 मार्च को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## स्कूली बच्चों ने खेली पारम्परिक होली



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बालभारती इंटरनल सी. सै. विद्यालय एवं ब्लूमिंग माइंडस सुजानगढ़ में होली का रंगोत्सव लुहारा गाड़ा, गींदड़ चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। संस्था निदेशक नोपाराम मण्डा द्वारा विद्यार्थियों को होली की पारंपरिक कथाओं के माध्यम से सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश तंवर, ओम जांगिड़, कालू चंपावत, प्रकाश चायल, पांचीराम नाई, गजानंद जांगिड़, कन्हैयालाल ताखड़ ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना कर पारितोषिक प्रदान किए। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

## अणुव्रत रैली निकाली, 78वां अणुव्रत स्थापना दिवस आज



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** संपूर्ण भारतवर्ष में 78वां अणुव्रत स्थापना दिवस रविवार को मनाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को अणुव्रत समिति बीदासर की ओर से अणुव्रत रैली का आयोजन किया गया। अणुव्रत समिति के मंत्री नवल किशोर मीणा ने बताया कि रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ महिला मंडल, कन्या मंडल, तेरापंथ सभा, ज्ञानशाला एवं युवक परिषद के सदस्य भाग लेंगे। रैली बालबाड़ी विद्यालय से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, चोरड़िया चौक होते हुए थान सुथान स्थित बीदासर समाधि केंद्र पहुंची। समाधि केंद्र पर व्यवस्थापिका साध्वी मंजू यशा ने उपस्थित सभी को अणुव्रत के महत्व पर विचार प्रस्तुत कर मंगल पाठ सुनाया। इसके पश्चात साध्वी चिन्मय प्रभा भी अणुव्रत पर अपने विचार रखेंगी। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष दानमल बांठिया ने साध्वी वृंद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी के प्रति आभार प्रकट कर सभा का समापन किया।

## युवक को पीटने का वीडियो वायरल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय धिंगानिया बास के निवासी एक युवक के साथ करीब 10-11 युवकों की ओर से घेरकर उसके साथ मारपीट किए जाने का विडियो सामने आया है। हालांकि वीडियो में युवक के साथ तीन-चार लड़के मारपीट कर रहे हैं, जबकि बाकी तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं और एक युवक बार-बार गलती मानते हुए छोड़ देने की गुहार लगाता हुआ नजर आ रहा है। फिर भी एक युवक हाथ पकड़े रहता है, जबकि तीन-चार युवक मारपीट करते वीडियो में दिख रहे हैं। इस बारे में स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने मे अरमान पुत्र अकरम निवारिया, निवासी धिंगानिया बास की ओर से रिपोर्ट देकर बताया गया है कि मुझे नूर नगर के खाली मैदान में ले गए और वहां पर जाकिर पुत्र सलीम, राशिद पुत्र रफीक, फरदीन पुत्र फारूक, निवासी धिंगानिया बास ने मेरे साथ मारपीट की, फिर लोगों ने मुझे छुड़ाया। दूसरी ओर वीडियो सामने आने से पता चलता है कि असामाजिक तत्वों में



धीरे-धीरे कानून का खौफ खत्म होता दिख रहा है और युवा लोग अपराध करके वीडियो बनाते वक्त बिल्कुल भी गुरेज नहीं करते।

## दडीबा में 5 दिवसीय फाग महोत्सवः गींदड़ नृत्य का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के दडीबा क्षेत्र में करणी माता मंदिर के पास स्थित गींदड़ मैदान में शुक्रवार को 5 दिवसीय फाग मोहोत्सव लोक नृत्य कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल व नगर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरियां के सानिध्य में किया गया। समिति अध्यक्ष राम अवतार मारोठिया ने कहा कि गींदड़ केवल एक लोकनृत्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामूहिक उत्साह का जीवंत प्रतीक है। वर्षों से कस्बे के युवा और बुजुर्ग इस अनमोल धरोहर को सहेजते आ रहे हैं। उनकी लगन और समर्पण से यह परंपरा आज भी उतनी ही जीवंत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जब नगाड़े की डंके पर गींदड़ की गेड़ बनती है, तो पूरा दडीबा ही नहीं, आसपास के क्षेत्र भी रंगों और आनंद में डूब जाते हैं। फाग महोत्सव




के दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस अद्भुत लोकछटा को देखने पहुंचते हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष भंवर लाल मारोठिया, भंवर सिंह राठौड़, तिलोकचंद मारोठिया, मनसुख लाल भोभरियां, सम्पत मल दर्जी, सुखाराम भोभरिया, हुकमाराम मारोठिया, जयचंद लाल नाई, शंकरलाल किरोड़ीवाल, किशन लाल नेहरा, राधेश्याम घोडेला, विष्णु छापोला, किशोर मारोठिया, विकास छापोला सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

## लुहारागाड़ा में घिंदड़ महोत्सव शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा चौक में घिंदड़ का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। परम्परागत घिंदड़ महोत्सव शुरू होने से पहले विधि विधान के साथ नगारे की पूजा अर्चना की गई। गजानंद जांगिड़, दिनेश तंवर, पांचीराम नाई, बजरंगलाल जांगिड़ आदि पूजा में शामिल हुए। पूजा के बाद परम्परागत घिंदड़ का शुभारंभ हुआ। इसी प्रकार शहर के भोजलाई बास में भी घिंदड़ का शुभारंभ हो चुका है।

# स्वास्थ्य शिविर में 50 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** ग्राम पंचायत कोरटा में शनिवार को स्वास्थ्य सेवा का एक सराहनीय अभियान देखने को मिला। ग्राम पंचायत प्रशासक गजेन्द्र सिंह देवड़ा के सानिध्य व सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच, परामर्श और दवाइयों का वितरण निशुल्क किया।

यह शिविर प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ अमित वैद (पालनपुर/सुमेरपुर) के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में वैद आर्थोपेडिक हॉस्पिटल सुमेरपुर की विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ शिखर शाह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ जाह्नवी गहलोत, डॉ हरीशभाई व डॉ शैलेष खारवाल ने मरीजों की बारीकी से जांच की। चिकित्सा टीम ने कुल 150 मरीजों की जांच की, जिनमें 115 हड्डी रोग और 35 दंत रोग से पीड़ित मरीज शामिल रहे। सभी जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां मौके पर ही निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं



मिलना उनके लिए बड़ी राहत है, क्योंकि सामान्यतः उन्हें इलाज के लिए शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। पीआरओ प्रेमचंद बरुत ने बताया कि वैद आर्थोपेडिक हॉस्पिटल सुमेरपुर में आर्थोपेडिक सर्जन, डेंटल सर्जन और अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। आमजन को राहत देने के उद्देश्य से अस्पताल में इमरजेंसी एवं ओपीडी मरीजों की भी निःशुल्क जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि डॉ अमित वैद की टीम प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग गांवों में पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर रही है, ताकि ग्रामीण अंचल के लोगों को विशेषज्ञ उपचार उनके द्वार पर ही मिल सके। शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी भामाशाह शेरसिंह व शंकरलाल गर्ग का विशेष सहयोग रहा। वहीं वैद हॉस्पिटल की ओर से रफीकभाई, यशपाल सिंह व तमन्ना ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कस्बे की छेकुरिया बस्ती में शनिवार सुबह एक विवाहिता की ओर से फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और होली के त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार, छेकुरिया बस्ती निवासी गुड़िया पत्नी मोहर सिंह ने शनिवार अल सुबह करीब 8 बजे अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने पर वे तुरंत उसे नीचे उतारकर राजाखेड़ा स्थित शहीद राघवेंद्र सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है।